मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 7 अंक 112
सोमवार, 04 नवम्बर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## भाजपा का संकल्प पत्र जारी, जनता को कई सौगात देने का किया वादा

### अमित शाह ने सोरेन सरकार और कांग्रेस पर साधा निशाना



**रांची, 03 नवम्बर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रांची में झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी किया। इस अवसर पर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, संजय सेठ और झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी शाह के साथ मौजूद थे। भाजपा के 'संकल्प पत्र' में झारखंड के गठन के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 25 प्रमुख संकल्पों पर जोर दिया गया है।

झारखंड की जनता के लिए घोषणाएं करते हुए गृह मंत्री ने कहा, 'हम रोटी, बेटी और माटी तीनों का संरक्षण करेंगे। भाजपा झारखंड में घुसपैठियों से जमीन वापस लेने के लिए कानून लाएगी। भाजपा, झारखंड की माताओं-बहनों को 'गोगो दीदी योजना' के माध्यम से प्रतिमाह 11 तारीख को 2,100 रुपया देगी। दीपावली और रक्षाबंधन पर एक एक गैस सिलिंडर मुफ्त देंगे और गैस का सिलिंडर 500 रुपये की कीमत पर दिया जाएगा। हम झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे लेकिन जनजातीय समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखेंगे।'

गृह मंत्री ने कहा, '5 वर्ष के भीतर झारखंड के युवाओं के लिए 5 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन करेंगे। करीब 3 लाख सरकारी पद निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से भरे जाएंगे। हम झारखंड में हर स्नातक और स्नातकोत्तर युवा को प्रतिमाह 2,000 रुपये का देंगे। आदिवासी सम्मान और अस्मिता को बढ़ावा देने के लिए आदिवासी धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल का विकास करेंगे एवं अनुदान व सहायता देंगे। हम जमशेदपुर में भगवान बिरसा मुंडा का स्मारक बनाएंगे। झारखंड में प्रश्न पत्र लीक होने की सीबीआई, एसआईटी जांच होगी, दोषियों को जेल भेजा जाएगा।

झारखंड में उद्योगों, खदानों के कारण विस्थापित लोगों के पुनर्वास के लिए आयोग का गठन किया जाएगा। झारखंड में सत्ता में आने पर भाजपा सरना धर्म कोड के मुद्दे पर विचार-विमर्श करेगी और उचित निर्णय लेगी।

संकल्प पत्र जारी करते हुए अमित शाह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (खटट) सरकार के तहत महिलाएं और आदिवासी सुरक्षित नहीं हैं। इसके अलावा उन्होंने सोरेन सरकार पर राज्य की पहचान की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया।अमित शाह ने जनता से कहा कि झारखंड का ये चुनाव न केवल सरकार बदलने का चुनाव है, बल्कि झारखंड का भविष्य सुरक्षित करने का चुनाव है। उन्होंने जोर देते हुए राज्य की जनता से पूछा कि उनको तय करना है कि आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार चाहिए।

या विकास के रास्ते पर चलती हुई मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार चाहिए। घुसपैठ कराकर झारखंड की अस्मिता को खतरे में डालने वाली सरकार चाहिए या परिंदा भी पर न मार सके ऐसी सरहद की सुरक्षा करने वाली भाजपा सरकार चाहिए।

## सामाजिक तनाव के चलते दक्षिण कन्नड़ बंजर भूमि बनता जा रहा है : उपमुख्यमंत्री शिवकुमार



**कर्नाटक, 03 नवम्बर।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने दक्षिण कन्नड़ जिले में समाज के विभिन्न समुदायों के बीच बढ़ते तनाव पर चिंता जताते हुए कहा है कि इसके चलते यह जिला एक बंजर भूमि बनता जा रहा है। मंगलुरु से 40 किलोमीटर दूर पुत्तूर के कुम्बेट्टू में विधायक अशोक राय के राय एस्टेट्स और एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित अशोक जन-मन साड़ी वितरण कार्यक्रम में शिवकुमार ने यह बात कही और जोर दिया कि समुदायों के बीच शांति बहाली के लिए रोजगार सृजन बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा, दक्षिण कन्नड़ जिला एक बंजर भूमि बनता जा रहा है, सामाजिक तनाव और अन्य मुद्दों के कारण शैक्षणिक संस्थान अब बाहरी छात्रों को आकर्षित नहीं कर पा रहे हैं। कई स्थानीय बैंक बंद हो गए हैं, जिसके कारण हमारे युवाओं को सऊदी अरब, मुंबई और बेंगलुरु में रोजगार की तलाश करनी पड़ रही है।

शिवकुमार ने स्थानीय नेताओं से रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, यह क्षेत्र कई मंदिरों का घर है और सुंदर समुद्री तट के लिए जाना जाता है, जो इसे एक अलग पर्यटन नीति के लिए आदर्श जगह बनाता है।

इतना ही नहीं मंगलुरु में सबसे बड़ा बंदरगाह होने के बावजूद यहां अच्छी सुविधाओं वाले पांच सितारा होटल नहीं हैं।

## भारत आज खुद को विश्व मित्र के रूप में स्थापित कर रहा है : एस. जयशंकर



**नई दिल्ली, 03 नवम्बर।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत आज स्वयं को विश्व मित्र के रूप में स्थापित कर रहा है। यहां एक पुस्तक विमोचन के मौके पर अपने संबोधन में जयशंकर ने यह भी कहा कि हम अधिक से अधिक लोगों के साथ मित्रता करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि इससे जाहिर तौर पर भारत के प्रति सद्भावना और सकारात्मकता पैदा होती है। उन्होंने कहा कि यह देश द्वारा वैश्विक भलाई में दिए जा रहे बढ़ते योगदान और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ उसके करीबी जुड़ाव में परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कि अंतिम विश्लेषण में मित्र हमेशा प्रगति पर काम करते हैं।

जयशंकर ने कहा कि भारत जैसे विशाल देश के लिए मित्रता विकसित करना कभी आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि भावनात्मक पहलू साझा अनुभवों से आता है और ग्लोबल साउथ के संबंध में इसे स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। जयशंकर ने कहा, मित्रताएं विशिष्ट नहीं होतीं, विशेषकर बहुध्रुवीय विश्व में। उन्होंने कई देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों का भी हवाला दिया।

## बसपा की वजह से भाजपा और सपा की नींद उड़ी, ध्यान बांटने के लिए नारे गढ़ रहे : मायावती




**लखनऊ , 03 नवम्बर।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनावों में उनकी पार्टी के मैदान में होने से दोनों दलों की नींद उड़ गयी है इसलिए दोनों पार्टियों के नेता ध्यान बांटने के लिए नारे गढ़ रहे हैं। मायावती ने प्रदेश में भाजपा और सपा के बीच गठबंधन का आरोप लगाया। बसपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाल में दिये भाषणों में बंटेंगे तो कटेंगे और सपा के जुड़ेंगे तो जीतेंगे जैसे नारों पर प्रतिक्रिया देते हुए शनिवार को कहा कि हर मामले में इनकी (भाजपा व सपा) दोगली सोच व नीतियों को ध्यान में रखकर वास्तव में होना यह चाहिए कि बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित भी रहेंगे।

मायावती ने पत्रकारों से कहा, जबसे उप्र में नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव घोषित हुए हैं तबसे भाजपा और सपा की नींद उड़ी हुई है क्योंकि इस बार सभी सीट पर बसपा भी अकेले यह चुनाव लड़ रही है। मायावती ने कहा, काफी समय से एक-दो उपचुनाव को छोड़कर बसपा अधिकांश उप चुनाव नहीं लड़ी है तबसे खासकर भाजपा और सपा तथा इनका गठबंधन इन उपचुनावों में आपस में मिल बांटकर चुनाव लड़ते रहे हैं। उन्होंने कहा, लेकिन इस बार जब बसपा भी मैदान में डंटी है तो इन दोनों के गठबंधन की परेशानी बढ़ गयी है।

बसपा प्रमुख ने दावा किया, जनता का ध्यान बांटने के लिए अब भाजपा बंटेंगे तो कटेंगे और सपा के लोग जुड़ेंगे तो जीतेंगे जैसे नारों को प्रचारित करने में लग गये हैं। इनके हर मामले में दोगली सोच व नीतियों को ध्यान में रखकर वास्तव में होना यह चाहिए कि बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित भी रहेंगे। उन्होंने बसपा के शासन में बेहतर कानून व्यवस्था व विकास का दावा करते हुए कहा, हालांकि प्रदेश में विकास व कानून व्यवस्था के मामले में भाजपा और पूर्व की सपा सरकार की तुलना में केवल बसपा का ही शासनकाल काफी बेहतरीन रहा है। मायावती ने जनता को आगाह करते हुए कहा, ऐसे में हवा हवाई नारों व पोस्टरबाजी के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। अब भाजपा के लोग अपनी कमियों की वजह से बंटेंगे तो कटेंगे नारा लगाकर वोट मांग रहे वहीं सपा के लोग यह नारा लगाकर यह वोट मांग रहे कि जुड़ेंगे तो जीतेंगे जबकि इनकी (नारों) आड़ में दोनों पार्टियां यहां के लोगों को गुमराह कर रही हैं। उन्होंने मतदाताओं को सावधान करते हुए कहा कि ये लोग कमियों से ध्यान बांटने के लिए नारेबाजी और पोस्टरबाजी कर रहे हैं। उप्र की कटेहरी (अंबेडकरनगर), करहल (मैनपुरी), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), गाजियाबाद, मझवां (मिजार्पुर), सीसामऊ (कानपुर नगर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) में 13 नवंबर को मतदान और मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। भाजपा नौ में आठ और उसकी सहयोगी रालोद (राष्ट्रीय लोकदल) मीरापुर सीट पर चुनाव मैदान में है जबकि कांग्रेस के समर्थन से समाजवादी पार्टी ने सभी नौ सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं बसपा भी सभी नौ सीटों पर सीधे मुकाबले में है।

## झामुमो नीत गठबंधन सत्ता में आया तो पांच की जगह सात किलो राशन मिलेगा: हेमंत सोरेन



**रांची, 03 नवम्बर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को कहा कि अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन सत्ता में आया तो लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत मौजूदा पांच की जगह सात किलो राशन मिलेगा। सोरेन ने कहा कि झामुमो नीत गठबंधन पेंशन राशि भी बढ़ाएगा। सोरेन ने आरोप लगाया कि झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासनकाल में 11 लाख राशन कार्ड और तीन लाख पेंशन रद्द कर दी गई, जिसके चलते कई आदिवासी, दलित भूख से मर गए। सोरेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, मुझे गर्व है कि जहां भाजपा राज में भूख से मौतें आम थी वहीं आपकी अबुआ (हमारी) सरकार में हर झारखंडवासी को हक से राशन, पेंशन और पोषण मिल रहा है। उन्होंने कहा, झारखंड में दोबारा हमारी सरकार बनती है तो जन वितरण प्रणाली में पांच किलो अनाज के जगह सात किलो अनाज प्रति व्यक्ति दिया जाएगा। पेशन में भी बढ़ोतरी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मईया सम्मान योजना के तहत 2500 रुपये प्रति माह और आंगनवाड़ी केन्द्रों में मध्याह्न भोजन में बच्चों को अंडा या फल प्रति दिन दिया जाएगा।

## लोकसभा उपचुनाव के लिए राहुल गांधी ने प्रियंका गांधी के लिए किया प्रचार



**वायनाड, 03 नवम्बर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा उपचुनाव के लिए आज वायनाड के मनंतवाडी में अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने मनंतवाडी की जनता को भरोसा दिलाया कि प्रियंका उनके लिए सबसे अच्छी सांसद साबित होगी। राहुल ने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि वह मेरी बहन है और अब आप सभी भी भाग्यशाली होंगे। वह आपकी बहन की तरह, आपकी मां की तरह, आपकी बेटी की तरह होंगी। मुझे पूरा भरोसा है कि आपको सबसे बेहतरीन सांसद मिलने जा रहा है।

अपने संबोधन को शुरू करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'यह पहली बार है कि मैं अपनी बहन के लिए प्रचार करने के लिए किसी मीटिंग में आया हूं। मेरे पहले चुनाव के दौरान, मेरी बहन ने मेरे लिए प्रचार किया था और तब से वह ऐसा कर रही है। उसने हमारी मां के लिए प्रचार किया। उसने हमारे पिता के लिए भी प्रचार किया। वह हमेशा से ही प्रचारक रही है और अब तक कभी चुनाव में खड़ी नहीं हुई। यह उसके बारे में बहुत कुछ बताता है।

जनता को प्रियंका गांधी की खूबिया बताते हुए राहुल ने कहा, 'मेरी बहन एक अलग स्तर पर सोचती है। कई राजनेता एक किसान को देखते हैं और उसे सिर्फ. किसान के रूप में लेबल करते हैं। मेरी बहन ऐसा नहीं कहेगी। उसके लिए, वह एक पिता है, एक भाई है। वह समझने की कोशिश करेगी कि वह व्यक्ति किस दौर से गुजर रहा है। वह किसान से बात करेगी और पूछेगी कि सही कीमतों से वंचित होने पर उसे कैसा महसूस होता है; जब वह अपने बच्चे की स्कूल फीस नहीं भर पाया या जब उसकी मां क्ठव में थी और वह उसका खर्च नहीं उठा पाया तो उसे कैसा लगा। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा, 'हर कोई लोगों पर लेबल लगाता है। वह उन लेबलों के पीछे चलने वाली एक व्यक्ति है। वह हर किसी के पास मौजूद लाखों लेबलों की खूबसूरती को समझती है। वह किसी ऐसे व्यक्ति में ताकत भी देख सकती है, जहां दूसरे लोग कमजोरी देखते हैं। मैं भाग्यशाली हूं कि मेरी बहन के रूप में वह है और अब आप सभी भी भाग्यशाली होंगे। राहुल ने कहा, 'कभी-कभी मैं ज्यादा तार्किक होता हूं, लेकिन वह मुझसे ज्यादा भावुक होती है। इसलिए मुझे पूरा भरोसा है कि आपको सबसे बेहतरीन सांसद मिलने जा रहा है। मैं पूरे विश्वास के साथ कह रहा हूं। आपके सांसद बनने के लिए उनसे बेहतर कोई नहीं हो सकता। जहां भी देखो, गुस्सा, हिंसा और नफरत है, लेकिन इंसानियत कहां है?






# समृद्धि के उजालों के बावजूद धनाढ्यों का पलायन क्यों?



-ललित गर्ग

भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने के साथ समृद्धि और संपन्नता के नये शिखरों पर आरोहण कर रहा है। भारत की आर्थिक प्रगति सकारात्मक दिशा में बढ़ रही है। हालिया आंकड़ों के अनुसार, देश में सोने का भंडार नई ऊंचाई पर पहुंच गया है, दूसरी तरफ डीमैट खातों और स्टार्टअप की संख्या में भी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इन सकारात्मक दिशाओं एवं आर्थिक उजालों के बीच कुछ देश की सोचने वाली स्थितियां भी हमें आत्ममंथन को प्रेरित कर रही है। ऐसी ही एक सोचनीय एवं चिन्ताजनक स्थिति है कि देश की बढ़ती शोभा एवं सम्पन्नता के बावजूद अमीर व प्रतिभावान लोग देश छोड़कर क्यों जा रहे हैं? वर्ष 2023 में करीब इक्कावन सौ के लगभग करोड़पतियों ने देश छोड़ा और वर्ष 2024 में तैयालिस सौ करोड़पतियों के भारत से पलायन करने का अनुमान है। यह हमारी संपन्नता का ही क्षरण एवं हमारी आर्थिक विकासमूलक यात्रा पर एक बदनुमा दाग है। इन स्थितियों पर नियंत्रण जरूरी है और इसके लिये हमें अपनी कमियों के प्रति ज्यादा ईमानदार होना पड़ेगा।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था की सुनहरी तस्वीर निर्मित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। बुनियादी ढांचागत विकास को प्राथमिकता देने के लिये हमें मौजूदा सरकार की सराहना करनी ही चाहिए। आर्थिक वृद्धि को आवश्यक आधार प्रदान करने के साथ ही बुनियादी ढांचागत परियोजनाएं रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से भी आवश्यक होती है। मोदी सरकार की नियोजित एवं दूरगामी सोच का ही परिणाम है रिजर्व बैंक के पास सोने के भंडार में लगातार वृद्धि हो रही है, पूर्व सरकारें देश का सोना गिरवी रखती रही है, लेकिन मोदी सरकार देश का सोना विदेशों से स्वदेश लाने के अनूठे उपक्रम किये हैं, यही कारण है कि रिजर्व बैंक के पास सितंबर में सोने का भंडार 854.73 टन था। इसमें से 510.46 टन देश में है, बाकी 324.01 टन सोना विदेशी बैंकों में है। आरबीआई सोना खरीदने वाले पांच शीर्ष केंद्रीय बैंकों में से एक है। भारतीयों के पास घरों में 25 हजार टन से ज्यादा सोना है। यह स्वर्ण भंडार में पहले पायदान पर खड़े अमेरिका के 8,965 टन से तीन गुना है।

भारत में आर्थिक गतिविधियां नये शिखरों पर सवार है, क्योंकि भारत में डीमैट खाते 17 करोड़ के पार पहुंच चुके हैं। देश के कुल डीमैट खाते अब अन्य देशों की तुलना में नौवें स्थान पर हैं, जिसका मतलब है डीमैट खाते रूस, जापान, इथियोपिया, मैक्सिको जैसे देशों की आबादी से अधिक और बांग्लादेश की आबादी के करीब है। वर्ष 2024 में 3.18 करोड़ नए डीमैट खाते खोले गए। पिछले वर्ष 3.10 करोड़ डीमैट खाते खोले गए थे। भारत दुनिया तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1,40,000 से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और हर 20 दिन में एक यूनिकॉर्न उभरता है। यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर हो जाता है। इस बार जनवरी से सितम्बर के बीच छह स्टार्टअप यूनिकॉर्न बन गए। भारतीय तकनीकी स्टार्टअप ने 2024 की पहली छमाही में 4.1 अरब डॉलर की फडिंग जुटाई जो बीते वर्ष की इसी छमाही से 4 फीसदी ज्यादा है। फडिंग जुटाने में भारत का चौथा स्थान है। इन उजले आंकड़ों में जहां मोदी के विजन ह्यहर हाथ को कामह्न का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्न का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर भारत ने अनेक क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित किये है। लेकिन श्रम शक्ति की ओर ज्यादा तवज्जों देने की जरूरत है। क्योंकि जीडीपी देश के आम नागरिकों की समृद्धि का पैमाना नहीं है। जिस पैमाने से देश के आम लोगों की समृद्धि मापी जाती है उसे प्रति व्यक्ति आय कहते हैं। इसमें दिहाड़ीदार मजदूर, कामकाजी लोग, महिलाओं की स्थिति से लेकर औद्योगिक घराने की कमाई तक सब शामिल रहते हैं। बहुत सारे लोग औसत से अधिक कमाते हैं और बहुत सारे लोग कम।

इस बार की दीपावली न केवल खुशी, बल्कि सभी के लिए प्रेरणा का अवसर बनी है, बाजार से समाज तक और उद्यमी से सरकार तक, सभी के लिये दीपावली समृद्धि का एक नया उजाला लेकर आयी। इस बार बाजार में कुल 4.25 लाख करोड़ रुपये की खरीदारी का अनुमान है। देश के ज्यादातर उद्यमी खरीद-बिक्री के अपने लक्ष्य तक पहुंचे हैं। सरकार को फायदा है कि लगभग हर खरीद-बिक्री से उसे लाभ होना है। देश में खरीद-बिक्री का यह विस्तार निश्चित ही जहां भारत में नये आर्थिक कीर्तिमान का द्योतक हैं, वहीं गरीब को सक्षम बनाने का प्रेरक भी है। समाज का एक बड़ा वंचित हिस्सा है, जिसमें खरीदारी की ज्यादा ताकत नहीं है। वास्तव में, गरीबों को सक्षम बनाना, केवल सरकार ही नहीं, बल्कि बाजार की भी जिम्मेदारी है। आधुनिक दौर में सरकार लोगों को सीधे नकद देकर सक्षम बनाती है, तो बाजार को भी लोगों को सक्षम बनाने के बारे में सोचना चाहिए। उद्यमी जो पूंजी अर्जित कर रहे हैं, उसे कहीं जमा करने या सिर्फ अपना उपभोग बढ़ाने के बजाय निवेश में लगाएं। निवेश से रोजगार और काम पैदा हो, यह ज्यादा जरूरी है।

नयी आर्थिक उपलब्धियों एवं फिजाओं के बीच धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का सिलसिला चिन्ताजनक है। ऐसे क्या कारण है कि लोगों को देश की बजाय विदेश की धरती रहने, जीने, व्यापार करने, शिक्षा एवं रोजगार के लिये अधिक सुविधाजनक लगती है, नये बनते भारत के लिये यह चिन्तन-मंथन का कारण बनना चाहिए। हेनले प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, उच्च निवल मूल्य वाली व्यक्तिगत आबादी के 2031 तक 80 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान है, जो इस अवधि के दौरान भारत को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते धन बाजारों में से एक के रूप में स्थापित करता है। यह वृद्धि मुख्य रूप से देश के भीतर संपन्न वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों द्वारा संचालित होगी। इसमें समृद्ध व्यक्तियों के भारत लौटने की प्रवृत्ति को भी देखा जा रहा है, और जैसे-जैसे जीवन स्तर में सुधार जारी है, यह अधिक संख्या में धनवान व्यक्तियों के भारत वापस आने का अनुमान लगाता है। लेकिन प्रश्न है कि भारत के करोड़पति आखिर नये बनते भारत एवं उसकी चिकित्सा, शिक्षा, आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक उज्ज्वलता के बावजूद क्यों विदेश जा रहे हैं? हाई नेटवर्थ वाले (अति समृद्ध) हमारे देशवासियों के देश छोड़ कर कहीं और बसने की तैयारी की ताजा रिर्पोटे बहुत कुछ कहती है। दुनियाभर में धन और निवेश प्रवासन के रुझान को ट्रैक करने वाली कंपनी की सालाना रिपोर्ट में अति समृद्ध भारतीयों का अपना सब-कुछ समेट कर हमेशा के लिए भारत से जुदा हो जाने का अनुमान अनेक प्रश्न खड़े करता है, सरकार को इन प्रश्नों पर गौर करने की जरूरत है। क्या कारण है कि शस्य श्यामला भारत भूमि पर अपनी समृद्धि से विकास के नये क्षितिज उद्घाटित करने या अपनी प्रतिभा से देश को लाभान्वित करने की बजाय विदेश की धरती को लाभ पहुंचाते हैं। कारणों की लम्बी फहरिस्त में मूल है देश में अशांति, आतंक, जटिल कर-कानून व्यवस्था और हिंसा का ताण्डव होना? कारण है -शासन, सत्ता, संग्रह और पद के मद में चूर यह तीसरा राजनीतिक आदमी, जिसने जनतंत्र द्वारा प्राप्त अधिकारों का दुरुपयोग किया और जनतंत्र की रीढ़ को तोड़ दिया है। कृषि प्रधान देश को कुर्सी-प्रधान देश में बदल दिया है। सरकारें हैं-प्रशासन नहीं। कानून है--न्याय नहीं। साधन हैं-अवसर नहीं। भ्रष्टाचार की भीड़ में राष्ट्रीय चरित्र खो गया है। पलायनवादी सोच के कगार पर खड़े राष्ट्र को बचाने के लिए राजनीतिज्ञों को अपनी संकीर्ण मनोवृत्ति को त्यागना होगा। तभी समृद्ध हो या प्रतिभाशाली व्यक्ति अपने ही देश में सुख, शांति, संतुलन एवं सह-जीवन का अनुभव कर सकेगा और पलायनवादी सोच से बाहर आ सकेगा।

# नेताओं के बिगड़े बोल पर निशाने पर ही क्यों होती है महिलाएं?



अशोक भाटिया

एक ओर तो महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने और अधिक से अधिक मौका देने की बात राजनीतिक दलों के बड़े-बड़े नेताओं की ओर से की जाती है और दूसरी ओर ऐसे बयान भी सामने आते हैं जिससे नेताओं के बोलों से आम जनता को शर्म आने लगाती है . क्योकि नेताओं के विवादित और फूहड़ बोल हमेशा सुर्खियां बटोरते हैं पर बाद में उन्हें शर्मिंदगी भी उठानी पड़ती है और कुछ को कानून का सामना भी करना पड़ता है । आमतौर पर इन नेताओं के निशाने पर महिलाएं होती हैं, फिर चाहे वह महिला राजनीति से जुड़ी हो या नहीं। उनके लिए महिलाएं आसान निशाना होती हैं, क्योंकि इनके रंग, रूप, कद-काठी, मोटापे या बालों को लेकर वे बड़ी आसानी से कुछ भी बोलकर निकल जाते हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव शायद 2024 का देश में वर्ष का आखरी चुनाव हो लेकिन हर साल की तरह इस साल भी महिलाओं के खिलाफ फूहड़ बयान सुनने को मिलते रहे, जिससे यह तो स्पष्ट हो गया कि आखिर राजनेताओं का एक बड़ा समूह महिला आरक्षण विधेयक का विरोधी क्यों रहा था। हाल ही में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट में शामिल होने के बाद शिव सेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने शाइना एनसी को आयातित माल कहकर विवाद खड़ा कर दिया। उद्धव गुट के नेता अरविंद सावंत ने कहा था कि वह (शाइना एनसी) अब तक भाजपा के साथ थीं। जब उन्हें वहां (टिकट) नहीं मिला तो वह दूसरी पार्टी में चली गईं। आयातित सामान यहां स्वीकार नहीं किया जाता है। यहां मूल सामान स्वीकार किया जाता है। सावंत ने मीडिया से कहा कि हमारा सामान असली है। अब उन्हें कानून का सामना करना पड़ रहा है ।

सांसद अरविंद सावंत पहले नेता नहीं है जिन्होंने महिलाओं पर भद्दी टिपण्णी करदी हो भारतीय राजनीति में छोटे-बड़े ऐसे कई नेता हुए हैं या हैं जिनकी जुबान का निशाना महिलाएं बनी हैं और फिर बवाल मचता रहता है। आपको ऐसे ही अब तक कुछ दूसरे नेताओं की जुबान से निकले महिलाओं पर नेताओं के बिगड़े कुछ बोल वचन के बारे में बताते है ।ये बोल किसी एक पार्टी के नेता के नहीं है लगभग सभी पार्टियों के नेताओं की जबान महिलाओं के मामले में फिसलती रहती है। साल 2010 की बात है जब महिला आरक्षण बिल राज्यसभा में पारित होने के लिए पेश किया गया तो मुलायम सिंह ने कहा कि महिला आरक्षण बिल का मौजूदा स्वरूप नौजवानों को संसद में सीटी बजाने के लिए उकसाएगा। साल 2014 में उनके दिए एक बयान की काफी आलोचना हुई। बदायूं में दो बहनों के साथ गैंगरेप मामले पर मुरादाबाद में उन्होंने कहा कि लड़कियां पहले दोस्ती करती हैं इसके बाद लड़का-लड़की के बीच जब मतभेद हो जाता है तो इसे रेप का नाम दे देती हैं। लड़कों से गलती हो जाती है। वहीं इसी लोकसभा चुनाव में बीजेपी नेता दिलीप घोष ने कहा था कि दीदी गोवा जाती हैं और कहती हैं, 'मैं गोवा की बेटी हूं', फिर त्रिपुरा जाती हैं और कहती हैं, 'मैं त्रिपुरा की बेटी हूं। तय करें कि आपका पिता कौन है। सिर्फ किसी की बेटी बनना अच्छा नहीं है।

साल 2012 की बात है तब कांग्रेस में रहे संजय निरुपम ने बीजेपी नेता स्मृति ईरानी पर टीवी डिबेट के दौरान निजी हमले करने शुरू कर दिए। उन्होंने कहा, 'स्मृति आप मुझे मेरा अतीत याद दिला रही हैं, लेकिन आप क्या थीं? आप तो पैसों के लिए टीवी पर ठुमके लगाती थीं और आज राजनीतिक विश्लेषक बन गईं। यह बात भी साल 2012 की है जब तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे और कांग्रेस सांसद अभिजीत मुखर्जी ने एक ऐसा बयान दिया जिस पर हंगामा मच गया। निर्भया गैंगरेप के बाद पूरा देश गुस्से से उबल रहा था और अभिजीत यह कह बैठे की ये तो फैशनेबल रंगी पुती महिलाओं को प्रदर्शन है। हंगामा बढ़ा तो उन्होंने माफी मांग ली थी ।

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने भी महिलाओं पर कई बार विवादित बयान दिए है । एक पार्टी कार्यक्रम में उन्होंने जयंती नटराजन को 'टंच माल' कह दिया था। दिग्गी ने एक बार राखी सावंत पर टिप्पणी करते हुए कहा था अरविंद केजरीवाल और राखी सावंत जितना एक्सपोज करने का वादा करते हैं उतना करते नहीं हैं। उनके इस बयान पर राखी ने उन्हें 'सठिया गए हैं' कहकर झिड़का था। शरद यादव महिलाओं पर कई बार अभद्र टिप्पणी कर चुके हैं। जेडीयू नेता शरद यादव ने बयान दिया था कि बेटियों की इज्जत से वोट की इज्जत बड़ी है, जिसके बाद सभी तरफ से इसका बयान का खंडन किया गया। शरद यादव ने साउथ की महिलाओं को लेकर कहा था। 'साउथ की महिला जितनी ज्यादा खूबसूरत होती है, जितना ज्यादा उसकी बॉडी।वह पूरा देखने में काफी सुंदर लगती है। वह नृत्य जानती है।' महिला आरक्षण विधेयक जब पहली बार संसद में रखा गया था तब उन्होंने कहा था कि, इस विधेयक के जरिए क्या आप 'परकटी महिलाओं' को सदन में लाना चाहते हैं।उसके अलावा शरद यादव ने राजस्थान के अलवर में चुनाव प्रचार के दौरान वसुंधरा राजे को लेकर विवादित टिप्पणी कर दी थी। उन्होंने कह दिया था कि राजे बहुत मोटी हो गई हैं और उन्हें आराम की जरूरत है। पहले पतली थी। इसी तरह महिला आरक्षण पर परकटी महिलाएं यानी छोटे बाल वाली महिलाओं को लेकर उनका बयान काफी सुर्खियों में रहा था। महिला आरक्षण का उस वक्त संसद में विरोध करते हुए शरद ने कह दिया था कि इस विधेयक के जरिए क्या आप परकटी महिलाओं की सदन में एंट्री कराना चाहते हैं। भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था, महिलाओं को ऐसा श्रृंगार करना चाहिए, जिससे श्रद्धा पैदा हो, न कि उत्तेजना। कभी कभी महिलाएं ऐसा श्रृंगार करती हैं, जिससे उत्तेजित हो जाते हैं लोग। बेहतर हैं कि महिलाएं लक्ष्मण रेखा में रहें। होली मिलन के एक कार्यक्रम में भाजपा नेता ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को 'महिलाओं का शौकीन' बताया था।

छत्तीसगढ़ के कोरबा से भाजपा सांसद बंसीलाल महतो ने राज्य की लड़कियों के लिए ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया था, जिसे लेकर उनकी काफी आलोचना हुई थी। महतो ने छत्तीसगढ़ के खेल मंत्री भैयालाल राजवाड़े का नाम लेते हुए कहा था कि वो अक्सर बोला करते हैं कि अब बालाओं की जरूरत मुंबई और कलकत्ता से नहीं है, कोरबा की टूरी और छत्तीसगढ़ की लड़कियां टनाटन हो गई हैं। समाज में बढ़ती बलात्कार की घटनाओं पर पूछे गए सवाल पर हरियाणा की एक खाप पंचायत के नेता जितेंद्र छत्तर ने कहा था, ङ्गमेरे ख़्याल से फास्ट फूड खाने से बलात्कार की घटनाएं बढ़ती हैं। चाऊमीन खाने से शरीर के हार्मोन में असंतुलन पैदा होता है। इसी वजह से इस तरह के कार्य करने का मन करता है। राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यन स्वामी ने एक बार प्रियंका गांधी के लिए कहा था, 'वह बनारस से चुनाव हार जाएंगी क्योंकि बहुत शराब पीती हैं।' नेहरू और लेडी माउंटबेटन के संबंधों पर भी स्वामी विवादित टिप्पणी कर चुके हैं। श्रीप्रकाश जायसवाल भाजपा नेता ने एक बार बयान दिया था कि, नई शादी का मजा ही कुछ और होता है और ये तो सब जानते हैं कि पुरानी बीवी में वो मजा नहीं रहता। गोवा के मुख्यमंत्री और भारत के पूर्व रक्षा स्व . मंत्री मनोहर पर्रिकर ने लड़कियों के शराब पीने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा था- 'मैं डरने लगा हूं क्योंकि अब तो लड़कियां भी शराब पीने लगी हैं। सहने की क्षमता खत्म हो रही है।' बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तो हद कर दी थी । सदन में बजट के दौरान विपक्षी विधायकों के हाय-हाय करने पर नीतीश कुमार भी कहने लगे, आप सब हाय हाय हैं, हाय हाय... हाय हाय! गुस्से में लाल नीतीश कुमार आरजेडी विधायक रेखा देवी पर बिफर पड़े. कहने लगे, 'अरे तुम महिला हो... कुछ जानती नहीं हो... कहां से आते हैं, इन लोगों ने कुछ किया है? 2005 के बाद महिला को हमने ही आगे बढ़ाया है... चुपचाप बात सुनो, अभी हम बोल रहे हैं। बिलकुल बिहार विधानसभा जैसा तो नहीं, लेकिन राज्यसभा में भी मिलता जुलता ही वाकया देखने को मिला. बजट पर संसद के दोनों सदनों में चल रही चर्चा के दौरान राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस बार के बजट में केवल दो राज्यों को ही सरकार ने दिया है, बाकी किसी को कुछ नहीं मिला है. बीच में ही सभापति जगदीप धनखड़ ने बोला कि वित्त मंत्री आपके सवाल का जवाब देंगी. सभापति की बात पर मल्लिकार्जुन खरगे बोल पड़े, 'मैं बोल लेता हूं... क्योंकि वो तो बोलने में एक्सपर्ट हैं... माताजी बोलने में तो एक्सपर्ट हैं... वो तो बोल ही देंगी.'वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बारे में मल्लिकार्जुन खरगे को बीच में ही टोककर सभापति जगदीप धनखड़ ने बता दिया, वो तो आपकी बेटी के बराबर हैं. मल्लिकार्जुन खरगे 82 साल के हो रहे थे , जबकि निर्मला सीतारमण तब 64 साल की थी ।

इसके पूर्व जब वे जब वे लालू की पार्टी के संग थे तब संपन्न जाति आधारित सर्वे के आंकड़े आज विधानसभा में पेश करते समय विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पापुलेशन कंट्रोल पर बात रखते समय कुछ ऐसा कह गए थे जिससे विवाद खड़ा हो गया था । दरअसल, जनसंख्या नियंत्रण और महिलाओं की पढ़ाई को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश सदन में कुछ बोल रहे थे। हालांकि, मुख्यमंत्री ने कुछ ऐसा कह दिया जिस पर विधानसभा के अंदर भी विधायक सुनकर असहज हो गए। उन्होंने कहा कि बिहार में महिलाओं के साक्षरता बढ़ी है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि अगर लड़कियां पढ़ी-लिखी रहेंगी तो जनसंख्या खुद पर खुद नियंत्रित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शादी के बाद तो पुरुष रात में रोज करता ही है ना। उसी में और बच्चा पैदा हो जाता है। इसके साथ ही उन्होंने जो कहा उसको लेकर विवाद और बढ़ गया । नीतीश ने कहा कि लड़की अगर पढ़ लिख लेगी तो उसको भीतर मत.... उसको डालो । इसी में संख्या घट रही है। हालांकि, नीतीश कुमार के इस अजीबोगरीब बयान पर कुछ महिला विधायक नाराज दिखीं तो वहीं कुछ विधायक हंस भी रहे थे।

# गोवर्धन के दिन होती है गौ धन की पूजा



-रमेश सर्राफ धमोरा

-रमेश सर्राफ धमोरा

गोवर्धन पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इनका बछड़ा खेतों में हल जोतकर अनाज उगाता है। इस तरह गौ सम्पूर्ण मानव जाती के लिए पूजनीय और आदरणीय है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की। दीपावली के दूसरे दिन सायंकाल गोवर्धन पूजा का विशेष आयोजन होता है। इस दिन प्रातः गाय के गोबर से लेटे हुए पुरुष के रूप में गोवर्धन बनाया जाता है। अनेक स्थानों पर इसके मनुष्याकार बनाकर पुष्पों, लताओं आदि से सजाया जाता है। इनकी नाभि के स्थान पर एक कटोरी या मिट्टी का दीपक रख दिया जाता है। फिर इसमें दूध, दही, गंगाजल, शहद, बताशे आदि पूजा करते समय डाल दिए जाते हैं और बाद में इसे प्रसाद के रूप में बांट देते हैं। शाम को गोवर्धन की पूजा की जाती है। पूजा में धूप, दीप, नैवेद्य, जल, फल, फूल, खील, बताशे आदि का प्रयोग किया जाता है। पूजा के बाद गोवर्धनजी की जय बोलते हुए उनकी सात परिक्रमाएं लगाई जाती हैं। परिक्रमा के समय एक व्यक्ति हाथ में जल का लोटा व अन्य जौ लेकर चलते हैं। जल के लोटे वाला व्यक्ति पानी की धारा गिराता हुआ तथा अन्य जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी करते हैं।

गोवर्धन पूजा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। इस त्यौहार का भारतीय लोकजीवन में काफी महत्व है। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने आज ही के दिन इन्द्र का मानमर्दन कर गिरिराज पूजन किया था। कबीर दास जी कहते हैः

कबीर गोवर्धन कृष्ण जी उठाया,
द्रोणागिरि हनुमंत। शेष नाग सब सृष्टी
उठाई, इनमें को भगवंत।।

इस दिन मन्दिरों में अन्नकूट किया जाता है। अन्नकूट एक प्रकार से सामूहिक भोज का आयोजन है जिसमें पूरा परिवार एक जगह बनाई गई रसोई से भोजन करता है। इस दिन चावल, बाजरा, कढ़ी, साबुत मूंग सभी सब्जियां एक जगह मिलाकर बनाई जाती हैं। मंदिरों में भी अन्नकूट बनाकर प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। सायंकाल गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा की जाती है। अन्नकूट में चंद्र-दर्शन अशुभ माना जाता है। यदि प्रतिपदा में द्वितीया हो तो अन्नकूट अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन सन्ध्या के समय दैत्यराज बलि का पूजन भी किया जाता है। गोवर्धन गिरि भगवान के रूप में माने जाते हैं और इस दिन उनकी पूजा अपने घर में करने से धन, धान्य, संतान और गोरस की वृद्धि होती है। आज का दिन तीन उत्सवों का संगम होता है। इस दिन दस्तकार और कल-कारखानों में कार्य करने वाले कारीगर भगवान विश्वकर्मा की पूजा भी करते हैं। इस दिन सभी कल-कारखाने तो पूर्णतः बंद रहते हैं। घर पर कुटीर उद्योग चलाने वाले कारीगर भी काम नहीं करते। भगवान विश्वकर्मा और मशीनों का दोपहर के समय पूजन किया जाता है।

वेदों में इस दिन वरुण, इन्द्र, अग्नि आदि देवताओं की पूजा का विधान है। इसी दिन बलि पूजा, गोवर्धन पूजा होती हैं। इस दिन गाय-बैल आदि पशुओं को स्नान कराकर, फूल माला, धूप, चंदन आदि से उनका पूजन किया जाता है। गायों को मिठाई खिलाकर उनकी आरती उतारी जाती है। यह ब्रजवासियों का मुख्य त्योहार है। अन्नकूट या गोवर्धन पूजा भगवान कृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से प्रारम्भ हुई। उस समय लोग इन्द्र भगवान की पूजा करते थे तथा छप्पन प्रकार के भोजन बनाकर तरह-तरह के पकवान व मिठाइयों का भोग लगाया जाता था।

महाराष्ट्र में यह दिन बालि प्रतिपदा या बालि पड़वा के रूप में मनाया जाता है। भगवान विष्णु के एक अवतार वामन की राजा बलि पर विजय और बाद में राजा बलि को पाताल लोक भेजने के कारण इस दिन उनका पुण्य स्मरण किया जाता है। माना जाता है कि भगवान वामन द्वारा दिए गए वरदान के कारण असुर राजा बलि इस दिन पातल लोक से पृथ्वी लोक आता है। अधिकतर गोवर्धन पूजा का दिन गुजराती नव वर्ष के दिन के साथ मिल जाता है जो कि कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष के दौरान मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा उत्सव गुजराती नव वर्ष के एक दिन पहले मनाया जा सकता है और यह प्रतिपदा तिथि के प्रारम्भ होने के समय पर निर्भर करता है।

गोवर्धन पूजा के सम्बन्ध में एक लोकगाथा प्रचलित है कि देवराज इन्द्र का अभिमान चूर करने हेतु भगवान श्री कृष्ण ने एक लीला रची। एक दिन उन्होंने देखा के सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे हैं और किसी पूजा की तैयारी में जुटे। श्री कृष्ण ने यशोदा मैया से प्रश्न किया कि आप लोग किन की पूजा की तैयारी कर रहे हैं । कृष्ण की बातें सुनकर यशोदा मैया बोली हम देवराज इन्द्र की पूजा के लिए अन्नकूट की तैयारी कर रहे हैं। मैया के ऐसा कहने पर श्री कृष्ण बोले मैया हम इन्द्र की पूजा क्यों करते हैं? यशोदा ने कहा वह वर्षा करते हैं जिससे अन्न की पैदावार होती है। उनसे हमारी गायों को चारा मिलता है। भगवान श्री कृष्ण बोले हमें तो गोर्वधन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गाये तो वहीं चरती हैं। इस दृष्टि से गोर्वधन पर्वत ही पूजनीय है और इन्द्र तो कभी दर्शन भी नहीं देते व पूजा न करने पर क्रोधित भी होते हैं। अतः ऐसे अहंकारी की पूजा नहीं करनी चाहिए।

श्री कृष्ण के कहने पर सभी ने इन्द्र के बदले गोवर्घन पर्वत की पूजा की। देवराज इन्द्र ने इसे अपना अपमान समझा और मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। तब श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्घन पर्वत उठा लिया और सभी बृजवासियों को उसमें अपने गाय और बछड़े समेत शरण लेने के लिए बुलाया। इन्द्र कृष्ण की यह लीला देखकर और क्रोधित हुए फलतः वर्षा और तेज हो गयी। इन्द्र का मान मर्दन के लिए तब श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से कहा कि आप पर्वत के ऊपर रहकर वर्षा की गति को नियत्रित करें और शेषनाग से कहा आप मेड़ बनाकर पानी को पर्वत की ओर आने से रोकें।

इन्द्र लगातार सात दिन तक मूसलाधार वर्षा करते रहे तब उन्हे एहसास हुआ कि उनका मुकाबला करने वाला कोई आम मनुष्य नहीं हो सकता। अतः वे ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और सब वृतान्त कह सुनाया। ब्रह्मा जी ने इन्द्र से कहा कि आप जिस कृष्ण की बात कर रहे हैं वह भगवान विष्णु के साक्षात अंश हैं। ब्रह्मा जी के मुख से यह सुनकर इन्द्र अत्यंत लज्जित हुए और श्री कृष्ण से कहा कि प्रभु मैं आपको पहचान न सका। इसलिए अहंकारवश भूल कर बैठा। आप दयालु हैं और कृपालु भी इसलिए मेरी भूल क्षमा करें। इसके पश्चात देवराज इन्द्र ने श्री कृष्ण की पूजा कर उन्हें भोग लगाया। सातवें दिन श्रीकृष्ण ने गोवर्धन को नीचे रखा और ब्रजवासियों से कहा अब तुम प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा कर अन्नकूट का पर्व मनाया करो। तभी से यह पर्व अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। इस पौराणिक घटना के बाद से ही गोवर्घन पूजा की जाने लगी। इस दिन देश के बहुत से प्रदेशों में लोग गोवर्धन पर्वत की पूजा करते हैं। गाय बैल को इस दिन स्नान कराकर उन्हें रंग लगाया जाता है। उनके गले में नई रस्सी डाली जाती है। गाय और बैलों को गुड़ और चावल मिलाकर खिलाया जाता है।

# तीसरी आर्थिक महाशक्ति होने का ताना-बाना



संजीव ठाकुर

भारत ने चीन के साथ सीमाओं पर होने वाले युद्ध की आशंका को समाप्त करते हुए बातचीत से समझौते का सही रास्ता अख्तियार कर सीमांत मोर्चे पर बजट पर होने वाले चीन से युद्ध की आशंका पर खर्च को काफी हद तक बचा लिया है एवं एक मोर्चे से भारत अब निश्चिंत होकर अपनी आर्थिक प्रगति की ओर अग्रसर हो सकता है। यह तय है कि यदि चीन भारत से युद्ध नहीं कर सकता तो पाकिस्तान की इतनी हैसियत नहीं है कि वह चीन के बिना भारत से युद्ध करने की कभी कल्पना भी कर सके । इन परिस्थितियों में भारतीय अर्थशास्त्रियों का अनुमान है की भारत अब विश्व की तीसरी महाशक्ति बनने से काफी नजदीक पहुंच जाएगा और अमेरिका ब्रिटेन फ्रांस कनाडा जैसे देश जो भारत की प्रगति को बहुत ज्यादा पसंद नहीं करते हैं को भारत चीन के इस समझौते से बड़ा झटका ही लगा है। निश्चित तौर पर ये अंग्रेज देश नहीं जाएंगे कि भारत उनकी बराबरी के साथ खड़े होकर आंखों में आंखें डाल कर बात करे सके। भारत स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत आने वाले समय में एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आएगा। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सोच को मूर्त रूप दिया गया था। समय समय मैं सरकारें बदलती रहे और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढता रहा। आज वर्तमान में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है ।अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति मैं भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है। मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया है। अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का जन्म करवाया था। पर मैं यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं. हमारा देश अभी भी गरीबी ,बेरोजगारी ,भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ है' आज भारत की धमक अमेरिका से लेकर जापान तथा अफ्रीकी देशों में भी है भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत अमेरिका फ्रांस ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड ब्राजील इजरायल और सऊदी अरेबिया देश के अनेक राज्यों के राष्ट्रीय प्रमुख हुक्मरानों ने दिल खोलकर किया है। नरेंद्र मोदी की वैश्विक हैसियत इसी बात से पता चलती है कि बाहुबली अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनका ऑटोग्राफ लेने की गुजारिश की है और पापुआ न्यू गिनी के राष्ट्र प्रमुख ने उनके चरण छूकर उनका अभिवादन किया। यह संभवत चमत्कारिक प्रभाव भारत के शक्तिशाली होने एवं वैश्विक शांति के प्रति देश की प्रतिबद्धता के कारण ही हुआ है। पर दूसरी तरफ भारत की अंदरूनी स्थिति में भारत 140 करोड़ की जनसंख्या वाला देश हो गया है। विकास की कल्पना में भारत आर्थिक तौर पर एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हो, इस स्थान पर गरीबी बेरोजगारी असमानता का उन्मूलन हो चुका हो। इसी तरह भारत कच्चे तेल के संकट से मुक्त होकर उर्जा संपन्न देश बने और भारतीय मुद्रा का चलन वैश्विक स्तर मैं सम्मान पूर्वक हो सके। सामाजिक स्तर पर विभिन्न लक्षित वर्गों जैसे दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, आदिवासी, महिलाओं तथा बच्चों के लिए लाभकारी नीति बनाई जानी चाहिए। अभी महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के के साथ सामाजिक तथा प्रशासनिक, वैज्ञानिक, चिकित्सकीय स्तर पर केवल कागजों में दिखाई देती है नारी प्रताड़ना का प्रतिशत अभी भी भारत में बहुत ज्यादा है। ग्रामीण क्षेत्र में बाल श्रम की स्थिति विकराल है अनाज का पर्याप्त भंडारण होने के बावजूद भूखमरी तथा बेरोजगारी भारत में सिर चढ़कर बोल रही है। इसी तरह भारत में सुरक्षा की दृष्टि से बहुत बड़ी बड़ी चुनौतियां हैं जैसे धार्मिक उन्माद, नक्सलवाद, चरमपंथी विचारधारा तथा विभिन्न राज्यों के आपसी विवादों से हमें मजबूती से निपटना होगा तब जाकर विकास की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा सकता है। भारत की प्रति व्यक्ति आय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपेक्षित रूप से बहुत कम है। भारत अभी वैज्ञानिक, तकनीकी और सुरक्षा के उच्च स्तर पर नहीं पहुंच पाया है। जिससे वह हर देश से आर्थिक सामाजिक राजनीतिक रूप से संतुलन बनाकर आमने सामने बैठ कर बात कर सके और इतना सामर्थ हो भारत कि हम संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद के आमंत्रित सदस्य बनकर बुलाए जाएं। गांधी जी ने स्वतंत्रता के बाद कहा था कि मेरे सपनों का भारत कैसा भारत हो जिसमें गरीब से गरीब और वंचित से वंचित तथा पिछड़ा व्यक्ति भी भारत को अपना देश समझे तथा भारत की सरकार ऐसी सरकार जो अपनी नीतियां अंतिम व्यक्ति को सोचकर बना सके और उस व्यक्ति को सर्वाधिक लाभ प्राप्त हो सके। गांधी जी के सपनों के भारत को बनाने के लिए देश को सामाजिक, सांस्कृतिक, संस्कारिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक रूप से शक्ति संपन्न बनाना होगा तभी भारत का हर नागरिक अपने भारत के नागरिक होने पर गर्व उच्च स्तर पर कर सकेगा।

## दीपावली पर बिहार जन सेवा संस्था प्रमुख ने बच्चों में बांटी खुशियां



पालघर(उत्तरशक्ति)। जिले के बोईसर शहर अंतर्गत ओसवाल एम्पायर, गणेश मंदिर के ठीक सामने स्थित सुप्रसिद्ध महाराष्ट्र खादी भंडार के संचालक व बिहार जन सेवा संस्था प्रमुख बी.के.सिंह ने दीपावली के मौके पर गरीब जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को उपहार भेंट कर खुशियां बांटी। बतादें कि बिहार जन सेवा संस्था प्रमुख बबन कुमार सिंह (बी.के.सिंह) पिछले कई वर्षों से लगातार बोईसर शहर व आस पास क्षेत्रों में गरीब जरूरतमंद लोगों की निःस्वार्थ भाव से यथाशक्ति सेवा कर रहे हैं। जिसकी वजह से गरीब जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को बिहार जन सेवा संस्था प्रमुख काफी प्रिय हैं। महाराष्ट्र खादी भंडार के संचालक व बिहार जन सेवा संस्था प्रमुख बी.के.सिंह ने दीपावली के मौके पर दर्जनों जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को कपड़े, मिस्ठान के साथ ही साथ नकद राशि भी भेंट किया। जिसकी वजह से गरीब जरूरतमंद परिवारों के बच्चे काफी प्रसन्न दिखाई दिए।

## श्री सिद्धपीठ हनुमान मंदिर में गोवर्द्धन पूजा एवं अन्नकूट संपन्न



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** सांताक्रूज पूर्व के वाकोला स्थित श्री सिद्धपीठ हनुमान मंदिर में गोवर्द्धन पूजा एवं अन्नकूट संपन्न हुआ। ध्यानयोगी सम्राट श्री श्री 1008 ओम दास महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित गोवर्द्धन पूजा एवं अन्नकूट में बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं की उपस्थिति थी। इस मौके पर आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली, भाजपा नेता सुहास आडिवरेकर, मुंबई भाजपा प्रवक्ता उदय प्रताप सिंह, शिक्षाविद डॉ दयानंद तिवारी, अशोक सिंह, जयप्रकाश सिंह, संदीप सिंह, पंकज सिंह, एड राजेश दाभोलकर, विकी शिर्के, शिव गुप्ता उपस्थित थे। गोवर्द्धन पूजा एवं अन्नकूट के आयोजन में माँ अनंता दीदी, पंडित नरेंद्र आचार्य, परमहंस बाबा एवं अन्य ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सर्वोत्तम व्यवस्था रखी।

## कलवा मुंब्रा विधानसभा सीट के उत्तर भारतीयों ने थामा घड़ी का साथ



**ठाणे।** 149 कलवा मुंब्रा विधानसभा सीट के चुनाव प्रचार का रंग अभी पूरी तरह से चढ़ा भी नहीं है, इनकमिंग और आउटगोइंग का खेल शुरू हो गया है. रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस शरदचंद्र पवार पार्टी के उत्तर भारतीय सेल अध्यक्ष पंकज पांडे ने राष्ट्रवादी काँग्रेस पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश प्रवक्ता और ठाणे जिला अध्यक्ष आनंद परांजपे, प्रदेश महासचिव और अल्पसंख्यांक निरीक्षक नजीब मुल्ला की उपस्थिति में अपने पार्टी से खुद को किनारा करते हुए अजीत पवार गुट का दामन थमते हुए घड़ी पहन ली. उक्त अवसर पर पूर्व नगरसेवक प्रकाश बर्डे, पूर्व परिवहन समिति सदस्य तकी चेऊलकर, युवक जिला अध्यक्ष विरु वाघमारे उपस्थित रहे. इस दौरान आनंद परांजपे ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, जितेंद्र आव्हाड ने हमेशा ही उत्तर भारतीयों का शोषण किया है, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण 15 साल के अपने विधायकी के कार्यकाल में उत्तर भारतीयों के महत्वपूर्ण पर्व छठ पूजा हेतु तालाब का इंतजाम कर नहीं सके, कलवा पूर्व के लोगों के लिए शमशान भूमि उपलब्ध करा नहीं सके.उक्त अवसर पर राजू राजभर, अतुल शेडगे, संतलाल सिंह, अरविंद दुबे, राजेश सिंग, रोहीत यादव, सुरज सहानी, राकेश वर्मा, मिरा पाठक को पार्टी के विभिन्न पदों पर नियुक्ति की गई.

## विरार में यंग स्टार्स ट्रस्ट ने किला प्रतियोगिता का किया आयोजन

**विरार।** यंग स्टार ट्रस्ट की तरफ प्रत्येक वर्ष की भांति दीपावली के शुभ अवसर पर 18 वीं किला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। विधायक हितेंद्र ठाकुर की संकल्पना के तहत किला निर्माण प्रतियोगिता संपन्न हुई। वसई तालुका के 41संघ ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।इनमें सोसायटी, विद्यालय ,चाळी इत्यादि जगहों पर किलों का निर्माण किया गया, जिनका निरीक्षण परिक्षण वैभव सर ने किया। विविध प्रकार किले जैसे प्रतापगड,रायगड, सिंधुदुर्ग, लोहगड,सिंहगड, विजयदुर्ग, राजगड के किले की प्रत्यक्ष प्रतिमा बनाई गई। इस प्रतियोगिता के समन्वयक अजीव पाटील के मार्गदर्शन में किला स्पर्धा का आयोजन हुआ। स्पर्धा में प्रथम क्रमांक पर देव रेसिडेंन्सी विरार (प).,द्वितीय क्रमांक किरकीरा बाईज , नालासोपारा (पू), तृतीय पारितोषिक शिवगर्जना फुलपाडा, चौथा क्रमांक विष्णु गोविंद नगर को.आ.सो.लि.विरार पूर्व., पाचवां क्रमांक साई जिवदानी काम्लेक्स व रंजीत राऊत खराळे बंगली नाका आदि।

# महायुति कार्यकर्ता सम्मेलन में कुमार आयलानी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील

### मंत्री रविन्द्र चव्हाण, पूर्व मंत्री जगन्नाथ पाटिल, प्रमोद हिंदूराव व कुमार आयलानी ने कार्यकर्ताओं को किया उत्साहित

चेतन निर्मल

**उल्हासनगर (उत्तरशक्ति)।** रविवार दोपहर में महायुति की तरफ से भाजपा प्रत्याशी कुमार आयलानी के प्रचार के लिए सभी मित्र पक्षों के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस दौरान टाउन हॉल खचाखच भरा रहा और कार्यकर्ता व पदाधिकारी काफी उत्साहित दिखे।

महायुति की तरफ से सार्वजनिक निर्माण मंत्री रविन्द्र चव्हाण, पूर्व मंत्री जगन्नाथ पाटिल, आरपीआई जिलाध्यक्ष नाना बागुल, राष्ट्रवादी अजीत गुट के प्रदेश समन्वयक प्रमोद हिंदूराव, पूर्व महापौर मीना आयलानी, साईं पार्टी के जीवन इदनानी विधानसभा चुनाव प्रमुख जमनु पुरस्वानी, सिंधी साहित्य अकादमी के महेश सुखरमानी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, प्रकाश माखीजा, राजू जग्यासी पीआरपी के प्रमोद टाले, उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष लाल बिहारी यादव समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

मंत्री रविन्द्र चव्हाण ने कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कहा कि आगामी चुनाव हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, हम क्या बोल रहे हैं कैसे बोल रहे हैं इससे किसी की भावना आहत नही होनी चाहिए, सभी को पुरानी बातें भूल कर महायुति के लिए काम




करना चाहिए। मेरी पार्टी की तरफ से की गई बयानबाजी से किसी की भावना आहत हुई है तो उसके लिए मैं क्षमा चाहता हूं। पूरे महाराष्ट्र में महायुति का जो भी उम्मीदवार है उसे जीता कर लाने के लिए सभी को तत्परता के साथ जुट जाना है।

इस दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस अजीत गुट के प्रमोद हिंदूराव ने कहा कि महायुति सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में तमाम विकास कार्य किए गए हैं और लोगों की सुरक्षा महायुति सरकार में ही संभव है इसलिए शहर के विकास के लिए कुमार आयलानी को ही भारी मतों से विजयी बनाएं। आरपीआई के नाना बागुल ने कहा कि जिस तरह उत्साह कार्यकर्ताओं में दिख रहा है यह उत्साह 20 नवंबर तक कायम रहना चाहिए, किसी भी तरह से किसी भी पक्ष का दिल न दुखे इस तरह से प्रचार करें और कुमार आयलानी को विजयी बनाएं।

भाजपा के उम्मीदवार कुमार आयलानी ने आए हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शहर में हुए विकास कार्य व मजबूत प्रशासन को देखते हुए भाजपा की तरफ से मुझ पांचवीं बार उम्मीदवार बनाया गया है जिसके लिए पार्टी के वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि ढाई साल पहले विरोधियों की सरकार थी उसके बाद हम सत्ता में आए और उसके बाद से ही शहर में तमाम ऐसे विकास कार्य हुए हैं जिससे शहर को एक अलग पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि आप सभी एक बार फिर से आम जनता की सरकार को लाने के लिए और शहर में विकास के लिए एक बार फिर से कमल के निशान पर बटन दबा कर भारी मतों से उन्हें विजयी बनाएं।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बधाई दी गई



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** शनिवार को गुजरात के अहमदाबाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर घाटकोपर और साकीनाका के युवा समाजसेवक प्रवीण भानुशाली और मीरा भायंदर की नगरसेविका वर्षा भानुशाली ने केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रवीण भानुशाली और वर्षा भानुशाली द्वारा महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के बारे में चर्चा भी की गई। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भगवान श्री राम की फोटो भी भेंट की ।

## जीवन में रौशनी: मणिपुर के विस्थापितों के चेहरे पर दिवाली ने बिखेरी मुस्कान

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मणिपुर के थौबल जिले के वांगजिंग स्थित लामडिंग हायर सेकेंडरी स्कूल में दिवाली का उत्सव पूरे जोश और उत्साह से मनाया गया। छबी सहयोग फाउंडेशन (नवी मुंबई) और देव देश प्रतिष्ठान (मुंबई) के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य मणिपुर की मौजूदा चुनौतियों से प्रभावित लोगों को सहयोग देना और उनके जीवन में खुशियाँ बिखेरना था।

इस उत्सव में 250 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिसमें बच्चों और परिवारों के लिए मिठाई और स्नैक्स का वितरण किया गया, जबकि 80 से अधिक छात्रों को शिक्षा के लिए आवश्यक स्टेशनरी भी दी गई। इस पहल ने राज्य के अस्थिर हालात से प्रभावित लोगों के बीच दिवाली



का आनंद और उम्मीदें फैलाने का काम किया। इस अवसर पर लामडिंग हायर सेकेंडरी स्कूल रिलीफ कैंप के सचिव ठोकचोम देवन सिंह, और अन्य गणमान्य व्यक्ति हाओबाम किशन सिंह, एन बिलास सिंह, आई हरिदास सिंह, ख रंजीत सिंह, और एन बिहारी सिंह ने आयोजन का धन्यवाद किया। छबी सहयोग फाउंडेशन के महासचिव पार्थ रॉय ने डॉ. वैभव देवगिरकर (अध्यक्ष, देव देश प्रतिष्ठान) और देव देश प्रतिष्ठान एवं छबी सहयोग फाउंडेशन की पूरी टीम की ओर से मणिपुर के लिए शांति और स्थिरता की कामना की, और विस्थापितों के शीघ्र घर वापसी की उम्मीद जताई। कार्यक्रम में आयोजकों ने मणिपुर के लोगों के लिए अपने दिल की गहराई से शांति और सौहार्द की प्रार्थना की।

पार्थ रॉय ने कहा, ᳵमणिपुर के लोगों के प्रति हमारा दिल संवेदनाओं से भरा है। इस दिवाली, हम प्रार्थना कर रहे हैं कि मौजूदा स्थिति का शांतिपूर्ण समाधान निकले और हर विस्थापित परिवार जल्द ही अपने घर लौटे। इस आयोजन ने समुदाय में एकता और आशा का माहौल पैदा किया, जिससे लोगों में प्रेरणा और आभार की भावना पनपी। कई लोगों ने इस उत्सव के माध्यम से समुदाय में एक नई एकजुटता की भावना महसूस की। छबी सहयोग फाउंडेशन और देव देश प्रतिष्ठान का यह दिवाली उत्सव मणिपुर में समुदाय के उत्थान के उनके कई प्रयासों में से एक है। आने वाले समय में भी ऐसे कई और सहायता कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है।

## मंगेश कुडालकर सदन में सदैव ही आम आदमी की आवाज उठाते हैं : एडवोकेट आशीष शेलार

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मैंने मंगेश कुडालकर को सदन में लोगों के सवालों के लिए लड़ते देखा है। म्हाडा भवनों के पुनर्वास का मुद्दा लगातार सरकार के समक्ष उठाकर वे आवास नीति बनाने में सफल रहे। भाजपा मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार ने शनिवार की शाम को कुर्ला विधानसभा में मंगेश कुडालकर के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन के दौरान उक्त बातें कही। विधायक आशीष शेलार ने यह भी कहा कि मंगेश कुडालकर आम आदमी की बुलंद आवाज हैं और जमीन से जुड़े हुए नेता हैं । शेलार ने आगे कहा कि मंगेश एक मेहनती और लक्ष्य उन्मुख विधायक हैं और मंगेश बाला साहेब के सच्चे और कट्टर सिपाही हैं।



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने देश और बालासाहेब के विचारों को साधने के लिए हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के लिए विद्रोह किया, मंगेश शामिल हुए। इस अवसर पर मंगेश कुडालकर ने कहा कि वह इस कार्यालय से नागरिकों को न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे और कहा कि उन्होंने पिछले 10 वर्षों से ऐसे ही ईमानदारी से काम किया है. इस अवसर पर महाराष्ट्र राज्य सहकार सेल के अध्यक्ष रामदास मोरे,भाजपा जिला अध्यक्ष सुषम सावंत, श्रीकांत भिसे, विलास तायडे, विनोद कांबले, चंदन पाटेकर सहित अन्य पदाधिकारी एवं शिवसैनिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## माहिम विधानसभा सीट को लेकर महायुति में मतभेद की खबरों का मंत्री रामदास आठवले ने किया खंडन

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने रविवार को मुंबई में माहिम विधानसभा सीट को लेकर सत्तारूढ़ महायुति में मतभेद की खबरों का खंडन किया। माहिम विधानसभा सीट पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता अमित ठाकरे का मुकाबला शिवसेना के सदानंद सरवणकर से होगा। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) प्रमुख ने कहा कि तीन बार के विधायक सरवणकर अमित ठाकरे से अधिक मजबूत उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा कि अमित ठाकरे की एकमात्र योग्यता यह है कि वह महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के पुत्र हैं।रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) महायुति की सहयोगी है, जिसमें भाजपा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(राकांपा) और शिवसेना शामिल हैं। अमित ठाकरे पहली बार चुनावी मैदान में हैं, जबकि सरवणकर माहिम से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। शिवसेना नेता सरवणकर ने कहा है कि वह मैदान से पीछे नहीं हटेंगे, जबकि भाजपा ने मनसे उम्मीदवार का समर्थन करने की इच्छा जताई है।आठवले ने कहा, बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक और इंदु मिल माहिम निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं और मुझे नहीं लगता कि सरवणकर पर दबाव डालना अच्छा है। वह मौजूदा विधायक हैं तथा अमित ठाकरे से मजबूत उम्मीदवार हैं और वह जीतेंगे।' मनसे उम्मीदवार के प्रति भाजपा के समर्थन पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए उन्होंने कहा कि सरवणकर महायुति के आधिकारिक उम्मीदवार हैं। आठावले ने कहा, 'अमित ठाकरे ने निर्वाचन क्षेत्र में कोई काम नहीं किया है और उनकी एकमात्र योग्यता यह है कि वह राज ठाकरे के बेटे हैं।

## एम .जे .पंडित चैरिटेबल ट्रस्ट और दिलासा फाउंडेशन के माध्यम से दीपावली स्नेह मिलन

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण के सोनावणे कॉलेज में दोपहर 12 बजे उपरोक्त संस्थाओं द्वारा दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया जिसमें कल्याण के बहुतांश अखबारों और मीडिया चैनल के संपादक,वरिष्ठ संवाददाता और प्रतिनिधि भाइयों और बहनों ने भाग लिया।

इस अवसर पर सृजन संस्था के अध्यक्ष रामचंद्र पांडेय,हिंदी भाषी जनता परिषद के अध्यक्ष विश्वनाथ नन्हे दूबे,अग्रवाल कॉलेज के ट्रस्टी कांति जैन,सोनावणे कॉलेज के ट्रस्टी श्रीचन्द केसवानी और सुनील कुकरेजा ने सम्माननीय उपस्थिति दर्ज की।इस अवसर पर एम.जे.पंडित ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय पंडित ने सभी आये हुये मान्यवरों का दीपावली का उपहार और भेंट वस्तु देकर यथोचित




सम्मान किया। दिलासा फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ. पद्मिनी कृष्णा ने संस्था के क्रिया कलापों की जानकारी दी और संस्था के कार्यो पर प्रकाश डाला। उक्त अवसर पर रामचंद्र पांडेय,नन्हे दूबे,डॉ. शाषिधरन ने समयोचित भाषण कर के पत्रकार मित्रों के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ विजय पंडित ने सभी उपस्थित पत्रकार भाई बहनों की दिन रात उनके मेहनत और उनके साहस की प्रशंसा करते हुए उनके उज्वल भविष्य के लिये उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी और उनका आभार माना। सभा के बाद आयोजित सहभोजन में विजय पंडित,अरुण दूबे माटुंगा,विजय त्रिपाठी,अजय मिश्रा,दिनेश दूबे, अवनीश पांडेय,विजयलाल शुक्ला समेत कई पत्रकार भाई - बहनों ने सहभागी होकर सहभोजन का आनंद लिया।

## डोंबिवली में रवींद्र चव्हाण के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन संपन्न

**डोंबिवली (उत्तरशक्ति)।** डोंबिवली विधानसभा क्षेत्र में महायुति के आधिकारिक उम्मीदवार रवींद्र चव्हाण के चुनाव प्रचार कार्यालय का आज उद्घाटन किया गया। डोंबिवली के रामनगर में सुप्रसिद्ध बोडस मंगल हॉल के बिल्डिंग मे भाईदुज के अवसर पर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया, इस अवसर पर स्वयं उम्मीदवार रवींद्र चव्हाण, शिवसेना कल्याण जिला प्रमुख गोपाल लांडगे और कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से महायुति उम्मीदवार राजेश मोरे सहित महायुति और डोंबिवलीकर के हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चूंकि रवींद्र चव्हाण बीजेपी के स्टार प्रचारक हैं, इसलिए उन पर बीजेपी और वैकल्पिक रूप से महायुति के लिए प्रचार करने की बड़ी जिम्मेदारी है. इसीलिए उन्हें प्रचार कार्य के लिए पूरे महाराष्ट्र में लगातार यात्रा करनी पड़ रही है. तो वहां मौजूद डोंबिवलीकर ने रविदादा को चुनाव के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, ᳵदादा, आप यहां किसी बात की चिंता मत कीजिए. आप अपने काम से हर घर तक पहुंच गए हैं.



इसलिए आपकी जीत तय है. पूर्व मंत्री जगन्नाथ पाटिल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष सुरेश जोशी, आरपीआई जिला अध्यक्ष प्रह्लाद जाधव, कल्याण डोंबिवली नगर निगम की पूर्व महापौर विनीता राणे, शिवसेना समन्वयक विश्वनाथ राणे, भाजपा कल्याण जिला अध्यक्ष नरेंद्र (नाना) सूर्यवंशी, भाजपा कल्याण लोकसभा चुनाव प्रमुख शशिकांत कांबले, भाजपा कल्याण ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नंदू परब, भाजपा डोंबिवली विधानसभा संयोजक राहुल दामले, शिवसेना की श्रीमती कविता गावंड, भाजपा महिला मोर्चा पूर्व, पश्चिम और ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्रीमती पूनम पाटिल, शाखिया वाणी समाज के अध्यक्ष डॉ. मिलिंद शिरोडकर, भाजपा डोंबिवली पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकुंद (विशु) पेडणेकर, भाजपा डोंबिवली पश्चिम मंडल अध्यक्ष समीर चिटनिस, पद्माकर कुलकर्णी, मंदार हल्बे, मोरेश्वर भोईर, प्रजनेश प्रभुघाटे, संदीप पुराणिक, सुरेश पुराणिक, विनोद कलां, खुशबू चौधरी सहित कई गणमान्य लोग, महायुति के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने मंत्री चव्हाण को ᳵविजयी भवᳵ का आशीर्वाद देकर विश्वास व्यक्त किया कि उनकी जीत निश्चित है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* संरक्षकः सुरेश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
* प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक) नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37




स्वामी- शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति द्वारा एस.आर. पब्लिकेशन मोहन अर्जुन कम्पाउंड गोडाउन नं.-08,09,10 नियर घर्टनपाड़ा वैशाली नगर लास्ट बस स्टाफ दहिसर (ई.) मुंबई 400068 से मुद्रित एवं 103, प्रथम फ्लोर बी विंग एयरपोर्ट ब्यू सी.एच.एस. लि. वीर मकरन्द घानेकर मार्ग आजाद रोड फायर विग्रेड विले पारले (ई.) जिला मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 *संपादक- ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016 * मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com,

# सुजानगंज में मिली महिला की लाश, हत्या की आशंका से क्षेत्र में फैली सनसनी

**रियाजुल हक ज़िला क्राइम रिपोर्टर**

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। जिले के सुजानगंज थाना क्षेत्र के खतिरहा गांव में एक महिला की हत्या की गई लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेटकर अग्रिम कार्यवाही में लग गई है। महिला की पहचान ममता गौतम पत्नी अवधेश गौतम 28 वर्ष के रूप में हुई है। लाश खुन से लथपथ खेत में पाई गई, चचाओं की बात करें तो मामला आशिकी का चक्कर प्रतीत हो रहा लोग तरह तरह की चर्चा करते नजर आए हैं।



पुलिस मौके पर तत्परता से छानबीन में लगी है।

# एक एकड़ में बनेगा नगर निगम का सदन

◆ दिसम्बर से काम शुरू होने के लगाये जा रहे कयास

**डॉ.एस.के.मिश्र जिला संवाददाता**




वाराणसी,(उत्तरशक्ति)। नगर निगम का नया सदन एक एकड़ क्षेत्रफल में बनेगा। नगर निगम कार्यालय का कुछ हिस्सा तोड़कर सदन का निर्माण कराया जाएगा। इसको लेकर तैयारी कर ली गई है। दिसंबर से इसका निर्माण शुरू हो सकता है।

विधानसभा की तर्ज पर बनने वाले सदन में सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं रहेंगी। नए सदन के निर्माण में 3.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सदन में मेयर के मंच के ऊपर सबसे पहले मीडिया दीर्घा का निर्माण कराया जाएगा। इसमें 300 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। सदन कारिडोर के जरिये नगर निगम दफ्तर से जुड़ा रहेगा। आधुनिक पैटर्न पर बनने वाले भवन में सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। सदन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, फायर फाइटिंग, सोलर सिस्टम, डाल्वी साउंड एंड सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे आदि की सुविधा रहेगी। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के अनुसार नगर निगम सदन का निर्माण कराया जाएगा। नगर निगम बिल्डिंग का कुछ हिस्सा टूटेगा। सारी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं। उम्मीद है कि दिसंबर से काम शुरू होगा। भव्य भवन का निर्माण कराया जाएगा।

# भगवान भरोसे सिराजें हिन्द, हत्याओं से दहलता जौनपुर

**इम्तियाज सिद्दीकी/शिवकुमार प्रजापति**

◆ ताइक्वांडो खिलाड़ी की तलवार से गला काटकर हत्या
◆ रामपुर थाना क्षेत्र में झोपड़ी में सो रहे व्यक्ति को कनपटी पर सटाकर मारी गई गोली
◆ थाना सुजानगंज अन्तर्गत हत्या कर खेत में फेंकी मिली महिला की लाश
◆ महाराजगंज थाना क्षेत्र में दीपावली मनाने व्यक्ति आया तो घर में पत्नी मिली मृत
◆ जमीनी विवाद में हत्याओं का षड्यंत्र रचते अपराधी, लेखपाल एवं पुलिस
◆ विवादों में निस्तारण प्रणाली भी कर रही हैं आम जनमानस को परेशान
◆ राजस्व मुकदमे का जल्द निस्तारण न होना भी दे रहा है अपराध को बढ़ावा



जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। सिराजे हिन्द जनपद जौनपुर का एक सुनहरा एवं स्वर्णिम शब्द है। माना जाता है कि यहां पर भाईचारा की मिसाल दी जाती हैं। परंतु करीब एक सप्ताह से जैसे सुरक्षा खुफिया विभाग को नजर लग गई है। जिसके कारण हत्याओं का दौर लगातार जारी है। खानापूर्ति के नाम पर पुलिस अधीक्षक, जिला अधिकारी समेत आला अधिकारी मौके वारदात का निरीक्षण कर चन्द आदेशों से इतिश्री कर ले रहे हैं। और कुछ हलका इंचार्ज पुलिस विभाग को लाइन हाजिर कर अपनी वर्दी का दाग बचाते नजर आ रहे हैं। विगत कुछ दिन पहले ताइक्वांडो खिलाड़ी की तलवार से गला काटकर हत्या कर दी गई थी। कटा सिर आंचल में लेकर मॉ दहाड़ मार कर रोती रही और अपने बच्चे की भीख मांग रही थी। जिस पर जिला अधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद ने तत्काल लेखपाल को निलंबित किया और आगे दोषियों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जांच आगे बड़ी तो पता चला कि पुराना रंजिश जमीनी विवाद का था। जिसके हत्या के षड्यंत्र में एक दरोगा भी गिरफ्तार हुआ। जिसके ऊपर साजिश रचने का आरोप है।

हत्याओं की सिलसिले में एक और अध्याय जुड़ा बीते कुछ दिन पहले झोपड़ी में सो रहा था युवक कनपटी पर सटाकर मारी गोली। जैसी जघन्य वारदात भी सामने आई। रामपुर थाना क्षेत्र में रामजीत पटेल की हत्या कनपटी पर गोली मारकर कर दी गई थी। घटना से परिजन और पुलिस आमने-सामने हो गए। आरोप है कि शव को जिला अस्पताल ले जाने के नाम पर मॉचुर्री हाउस भेजा गया। पुलिस ने दो संदिग्धों को इस मामले में हिरासत में लिया था। हत्याओं का दौर यही नहीं थमा और विवाहिता का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ज्ञात हो कि सुजानगंज क्षेत्र के खतिरहा ग्राम सभा मे रविवार को सुबह घर से कुछ ही दुरी पर शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों के माध्यम से इसकी सूचना थाने पर दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को थाने लेकर आई और आवश्यक कार्यवाही मे जुट गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपालपुर निवासी ममता (30) की शादी 2010 मे खतिरहा निवासी अवधेश उर्फ बबलू से हुई थी। रविवार को सुबह तड़के ममता का शव घर से महज दो सौ मीटर की दुरी पर मिला। सुबह जब ग्रामीणों ने शव को देखा तो इसकी सूचना उसके पति और परिजन को दी तो मौके पर मृतक के पति और परिजन पहुचे और इसकी सूचना थाने पर दी तत्काल उच्च अधिकारी एवं क्षेत्राधिकार बदलापुर पहुंचकर विधिक कार्रवाई में जुड़ गए। जौनपुर सरायख्वाजा के लपरी में बुधवार की शाम पशु अस्पताल के पीछे संदिग्ध स्थिति में जो किशोर का शव मिला था। उसकी शनिवार को शिनाख्त हो गई। जानकारी के अनुसार मृत्यु किशोर लपरी गांव का ही 15 वर्षी सत्यम बिन्द बताया जाता है। जिला अस्पताल के मॉर्चरी में रखे गए शव की पहचान उसके कपड़ों से हुई। पोस्टमार्टम के बाद शाम को स्वजन व ग्रामीणों ने गांव के चौराहा पर रखकर रास्ता जाम कर दिया। वे हत्या का आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। सीओ के समझाने बुझाने पर आधे घंटे बाद रास्ता जाम समाप्त हो गया। रास्ता जाम किए जाने से शाहगंज जौनपुर मार्ग पर आवागमन ठप हो गया था सत्यम 26 अक्टूबर को अपने घर से गायब हो गया था। इसके बाद उसके चाचा प्रकाश बिन्द ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। और सत्यम के माता-पिता का पहले ही देहांत हो चुका था। हत्याओं की लिस्ट में फिर खलबली मच गई जब दीपावली मनाने प्रदेश से व्यक्ति आया तो घर में पत्नी मिली मृत्यु जी हां पंजाब से दीपावली मनाने गुरुवार की सुबह सुनील कुमार गौतम उर्फ.गप्पू घर पहुंचा तो उसकी 38 वर्ष ही पत्नी गुंजन निमार्णाधीन प्रधानमंत्री आवास में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु पड़ी मिली। घटना भोगीपुर कठार गांव की अनुसूचित जाति बस्ती की है। थाने में दी गई तहरीर में सुनील कुमार गौतम ने अवैध संबंध के चलते हत्या किये जाने की आशंका जताई है। पुलिस छानबीन में जुट गई है मामला महाराजगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बताया जाता है। लगातार प्रतिदिन सोशल मीडिया पर हत्याओं का सिलसिला आम जनमानस भी भयभीत है। और पुलिस विभाग पर लगातार प्रश्न चिन्ह उठ रहे हैं। कभी थाने के अंदर मटरू बिन्द की मौत शाहगंज में हो हल्ला का जरिया बना। तो कभी हत्या। ऐसे में सुरक्षा तंत्र क्या केवल कोरम पूर्ति के लिए रिपोर्ट लगाती है। या फिर हकीकत को रोकने के लिए। कहानी इंसाफ में देरी तो नहीं बन रही है हत्याओं की वजह और बाद में चौकी इंचार्ज कोतवाली प्रभारी हल्का इंचार्ज को मात्र लाइन हाजिर कर देने से क्या हत्याओं का दौर बंद होगा या फिर दोषी सामने आएंगे।

# 27 साल बाद पिता की हत्या का बदला

◆ 5 महीने की उम्र थी, बड़ा हुआ तो मां ने बताया
◆ यूपी के बदलापुर की पूरी कहानी

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। जिला भदोही, तारीख 21 अक्टूबर 2024, प्रिंसिपल योगेंद्र बहादुर सिंह (55) इंटर कॉलेज के लिए कार से निकलते हैं। ड्राइवर कार ड्राइव कर रहा था। वह अपने अमिलोरी गांव से कुछ दूरी पर बसवानपुर गांव पहुंचे थे। इस बीच बाइक पर सवार दो युवकों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। योगेंद्र जिस नेशनल इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल थे, वो भाजपा नेता आशीष बघेल का है, जो काशी प्रांत के क्षेत्रीय मंत्री हैं। भाजपा नेता के कॉलेज के प्रिंसिपल की दिनदाहड़े हत्या से पुलिस दबाव में आ गई। आरोपियों को पकड़ने के लिए लखनऊ से भी दबाव बढ़ने लगा। 7 दिन बाद जो सामने आया है। वो पुलिस से लेकर प्रिंसिपल के परिवार को भी चौंका गया। फोन के बहाने कार रुकवाई, प्रिंसिपल पर 10 गोलियां चलाईं। प्रिंसिपल अपने घर से 700 से 800 मीटर की दूरी पर बसवानपुर गांव पहुंचे थे। इस बीच अपाचे बाइक पर सवार दो युवक हाथ में मोबाइल लिए सामने से आते दिखाई दिए। हमलावरों ने कार को हाथ देकर रुकवाया। कार रोकी तो हमलावरों ने शीशा नीचे करके मोबाइल लेने की बात कही। शीशा बंद होने के चलते उनकी आवाज सुनाई नहीं दी। प्रिंसिपल ने जैसे ही कार का शीशा नीचे उतारा, हमलावरों ने उनको गोलियों से भून दिया। हमलावरों ने 10 गोलियां चलाईं। 5 प्रिंसिपल को लगी।कार के अंदर मौके पर ही उनकी मौत हो गई। कार के टायर पर भी गोली चलाई। वारदात के बाद दोनों हमलावर भदोही की तरफ भाग गए। पिता की हत्या में आरोपी थे।कोर्ट से छूट गए थे। सौरभ के मुताबिक, प्रिंसिपल योगेंद्र बहादुर सिंह और अनिल सिंह ने मेरे पिता की हत्या की थी। दोनों को कोर्ट ने बरी कर दिया था।

इसके बाद मैंने पूरे मामले के बारे में पता किया। वकीलों से भी बातचीत की। जब मैंने पूरी बातों का पता लगा लिया, तो लगा कि मेरे पिता के साथ गलत हुआ था। उनकी हत्या योगेंद्र बहादुर और उसके भाई अनिल सिंह ने ही की थी। मैंने भी बदला लेने के लिए प्रिंसिपल की हत्या की पूरी साजिश रची। 27 साल पहले मर्डर, बड़े होने पर मां ने बताई कहानी, सौरभ के पिता अजय बहादुर सिंह का नेशनल इंटर कालेज में आयोग से शिक्षक के पद पर चयन हुआ,लेकिन उनकी जॉइनिंग नहीं हुई। इसी दौरान कॉलेज मैनेजमेंट ने योगेंद्र बहादुर सिंह को शिक्षक के पद पर नियुक्त कर दिया था। अजय बहादुर सिंह अपनी नियुक्ति के लिए कोर्ट चले गए। हाई कोर्ट से अजय बहादुर सिंह केस जीत गए और उन्हें जॉइन कराने का आदेश मिला। वह 12 दिसंबर 1997 को नेशनल इंटर कॉलेज जॉइन करने के लिए आ रहे थे।रास्ते में ज्ञानपुर नहर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप मृतक प्रिंसिपल योगेंद्र बहादुर सिंह और उनके भाई पर लगा। लेकिन दोनों 2001 में कोर्ट से बरी हो गए। जिस समय ये हत्या हुई थी, उस समय सौरभ की उम्र 5 महीने की थी। बड़े होने पर मां ने पिता की हत्या की वजह बताई। फिर सौरभ ने बदला लेने का प्लान बनाया। जैसे पिता की हत्या हुई थी।

वैसे ही प्रिंसिपल की हत्या की, सौरभ सिंह के पिता अजय सिंह की हत्या 1997 में सुबह 8:30 और 9 बजे के बीच ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के नहर पुलिया पर बाइक सवार बदमाशों ने की थी। ठीक उसी तरह 27 साल बाद इस विद्यालय में प्रिंसिपल के पद पर तैनात योगेंद्र बहादुर सिंह की भी 8.30 से 9 के बीच बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों की हत्या की सेम टाइमिंग भी सामने आई। दोनों नौकरी पर ही जा रहे थे। इसी दौरान दोनों की हत्याएं हुईं।एक सरकारी नौकरी के लिए मारा गया तो दूसरा बदले की आग में।

# अनुराग हत्याकांड

# लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर हो कानूनी कार्रवाई: अमित यादव

◆ पीड़ित के घर पहुंच कर नेताओं ने दी सांत्वना



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरूद्दीन पुर गांव में अनुराग हत्याकांड को लेकर समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव अमित यादव ने कहां की जमीन विवाद में 40 साल तक मुकदमा लटकाने वाले जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाई हो और पुलिस विभाग के लापरवाह जिम्मेदारों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव अमित यादव कमरुद्दीनपुर निवासी मृतक खिलाड़ी अनुराग यादव के घर पहुंचे और इस हत्याकांड की घोर निंदा करते हुए। उन्होंने कहा कि यह घटना नहीं होती इसमें राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी जिम्मेदार हैं उन पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ ही इस थाना क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारी पुलिसकर्मी की लापरवाही भी सामने आती है। उन पर भी निलंबन जैसी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपया का मुआवजा और सरकारी नौकरी सरकार दे उसके बाद पकड़े गए आरोपियों के पर कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने का काम सरकार को करनी चाहिए। पीड़ित परिवार को उन्होंने सान्त्वना दिया और भरोसा जताया है कि उनके साथ कानूनी लड़ाई में जो भी मदद होगी किया जाएगा। इस मौके पर अखिल भारतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष लालजी यादव, पूर्व सीएमओ डॉ रामअवध, मेवालाल यादव, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, समाजसेवी जज सिंह अन्ना, अधिकता अजय कृष्णा, रामनयन, मोतीलाल, रामप्रकाश, सूबेदार यादव, त्रिभुवन नाथ, सुभाषचंद्र, केशव प्रसाद, जय हिंद, वासुदेव फाउंडेशन के संस्थापक अरविंद यादव मौजूद रहे।

# हत्या कर जमीन में दबाई गई अज्ञात लाश की बहन द्वारा दी गई टी शर्ट से हुई पहचान

**सोमवार को घर से लापता हुए किशोर का शव गांव के पास ही कातिल द्वारा मिट्टी में दबाया गया था**

**चरवाहे ने जमीन से निकले हाथ को देखकर जब शोर मचाया तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया**

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी गांव में बुधवार की शाम चरवाहे द्वारा मिट्टी में दबाई गई किशोर की लाश के एक हांथ को जमीन से बाहर निकला देखकर जब शोर मचाया गया तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जमीन से निकलवा कर कब्जे में लेकर नियमानुसार मोर्चरी घर में रखवा कर लाश की पहचान करवाने हेतु प्रयास किया गया। जिसके नतीजे में और कड़ी मेहनत के फलस्वरुप पुलिस अज्ञात शव की पहचान का खुलासा मात्र तीन दिन में ही करने में कामयाब रही।पुलिस के खुलासे के बाद ग्रामीणो को जब यह जानकारी हुई की किशोर इसी गांव का है तो जैसे सभी के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई हो।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लपरी गांव के ही निवासी राजेंद्र बिंद का 16 वर्षीय पुत्र सत्यम बिंद 10 वर्ष पहले माता-पिता के गुजर जाने के बाद से घर में अपनी दादी के साथ रहता था। सत्यम की दो बड़ी बहनें हैं जिनकी कुछ वर्ष पहले ही शादी हो गई और वह अपने ससुराल में रहती हैं घर पर सत्यम और उसकी दादी के अलावा कोई नहीं रहता, सत्यम की दादी प्रभु देई ने बताया कि सत्यम बीते सोमवार तक घर पर था। सोमवार के बाद से ही सत्यम घर नहीं लौटा परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन सत्यम का कुछ पता नहीं चल सका। बुधवार को गांव के पास ही मैदान में क्षत-विछत जमीन मे दबाए गए शव वाले स्थान से हांथ जमीन से निकला देख चरवाहे द्वारा शोर मचाया गया तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए जब छानबीन करना शुरू किया तो सत्यम के गुमशुदगी की बात सामने आई तो पुलिस और भी सक्रिय हो कर परिजनों द्वारा बताए गए आधार के मुताबिक जाच पड़ताल करने में जुटी तो सब कुछ साफ तौर पर नजर आने लगा और मृतक सत्यम की बहन द्वारा दी गई टी शर्ट से परिजनों ने उसकी पहचान कर लिया।शव की पहचान होते ही परिजनों में एक कोहराम मच गया चारों तरफ चीख पुकार सुनाई देने लगी।थानाध्यक्ष ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ताकि मौत का कारण स्पष्ट हो सके। और पोस्टमार्टम हो जाने के बाद शव को परिजनो को सौंप दिया है। हालांकि पुलिस की जिम्मेदारी अभी समाप्त नहीं हुई अभी यह देखना बाकी है कि कब तक पुलिस के रूप में कानून का हांथ कातिल के गिरेबान तक पहुंच पाता हैं। यह तो आने वाले समय पर ही सब कुछ निर्भर है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि अब तो भी हो लेकिन एक बात तो सत्य है कि पोते के रूप में सत्यम दादी के बुढ़ापे का सहारा था उसके बाद भी पत्थर दिल कातिल ने उसे मौत की नींद सुला दिया जिसको याद कर के परिजन समेत दादी का रो रो कर बुरा हाल है।

# यातायात पुलिस ने 528 वाहनों का किया चालान

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में यातायात माह नवम्बर 2024 के दौरान शहर के प्रमुख चौराहा/तिराहों पर लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रवर्तन की कार्यवाही में 528 वाहनों का चालान किया गया। दिनांक 03.11.2024 को डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात/नगर श्री देवेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात जी0डी0 शुक्ला व समस्त उप निरीक्षक यातायात के द्वारा यातायात माह नवम्बर 2024 के दौरान शहर के प्रमुख चौराहा तिराहाओं पर लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए सड़क पर वाहनों को खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने व जाम लगाने वाले वाहनों को उनके मालिकों को आगे ऐसा न करने की चेतावनी देते हुये हटवाया गया न हटाने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी तथा लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया। हेलमेट व सीटबेल्ट लगा करके वाहन चलाने, मोटर साइकिल में तीन सवारी ना बैठाना।हाई स्पीड वाहन न चलाना व वाहनों के शिशों में काली फिल्म न लगानें तथा उससे हो रही दुर्घटनाओं को कम करनें के बारे में जागरूक किया गया और साथ ही काली फिल्म लगाये वाहनों से काली फिल्म उतरवाया भी गया तथा प्रवर्तन की कार्रवायी में 528 वाहनों का चालान किया गया।



# उपनिरीक्षक से निरीक्षक बने वीरेंद्र यादव

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। सुजानगंज थाने में कार्य रत सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र यादव को उनकी ईमानदारी, कर्मठता एवं कार्य कुशलता को देखते हुए शासन द्वारा पदोन्नति करते हुए उन्हें सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर बनाया है। बता दें सुजानगंज थाने पर पहुंची बदलापुर की वर्तमान सी ओ प्रतिमा वर्मा व थाना अध्यक्ष राजीव मल्ल ने वीरेंद्र यादव के कंधे पर ट्रिपल स्टार का प्रतीक चिन्ह लगाते हुए उन्हें बधाई दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किये।



# अल्फारुक पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता संपन्न

वसीम अहमद, सुल्तानपुर (उत्तरशक्ति)। कादीपुर क्षेत्र के अल्फारुक पब्लिक स्कूल में दीवाली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रिपराइमरी से कक्षा 10 के छात्र एवं छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने अपने कला कौशल का भरपूर प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों भिन्न भिन्न प्रकार की आकृति व उचित रंगों का प्रयोग कर दृश्य को मनोरम बना दिया । कक्षा नौ के छात्रों ने प्रथम, वहीं दसवीं के द्वितीय और प्री प्राइमरी के छात्रों ने तीसरा स्थान बनाने में सफल रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागियों उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा से प्रतिभागियों की प्रतिभाओं में निखार पैदा होता है। समय समय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना आवश्यक है, इससे छात्रों में प्रतिभाओं के प्रदर्शन का उचित अवसर प्राप्त होता है।इस अवसर पर विद्यालय के कोऑर्डिनेटर सुधीश कुमार सिंह, एक्टिविटी इंचार्ज साधना सिंह, जमीर अहमद, शिक्षक बसंत कुमार मिश्रा, पवन कुमार, माला सिंह, अमृता यादव, सुषमा, तबस्सुम, रिंकी मौर्या, राफिया, मरियम आदि उपस्थित रहे।



# जौनपुर में चौथी बार शादी करने जा रहा दूल्हे को पुलिस ने लिया हिरासत में

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। जिले के सुजानगंज में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। एक युवक चौथी शादी करने जा रहा था कि तभी तीसरी पत्नी ने हंगामा खड़ा कर दिया। पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी के अनुसार फरजाना पुत्री स्वर्गीय मुस्लिम अंसारी देवरिया बरपुर बदलापुर जौनपुर में अपने मायके में रह रही है। प्रार्थिनी के अनुसार उसकी शादी सुजानगंज के पढुआ सर्वेमऊ बेलवार के शम्स आलम पुत्र असलम से मुस्लिम रिति-रिवाज से हुई थी। फरजाना के दो बच्चे हैं। पति पत्नी के विवाद का मामला न्यायालय में चल रहा है। युवक ने पहली पत्नी को छोड़कर दूसरी शादी रचाई दूसरी पत्नी को छोड़ा तीसरी शादी कर लिया। रविवार को चौथी शादी करने जा रहा था। चौथी शादी की भनक जब दूसरी बीबी को लगी तो वह सुजानगंज थाने पर आ धमकी और चौथी शादी का विरोध करने लगी जिस पर पुलिस चौथी शादी करने जा रहे। युवक को हवालात में डाल कर विधिक कार्यवाही में जुट गई। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों के परिजन थाने पर डटे रहे। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच चल रही उचित कारवाई की जाएगी।



# चार पहिया वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार मजदूर की मौत परिजनो में मचा कोहराम



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के सरायचन्द ग्राम निवासी रामजीत पाल 48 वर्ष पुत्र गोपी पाल शनिवार की रात लगभग 10:00 बजे काम करके साइकिल से अपने घर को लौट रहा था कि जैसे ही वह रायपुर मुंगराबादशाहपुर पहुंचता है। तभी जौनपुर की तरफ से आ रही चार पहिया वाहन के चपेट में आ गया। और गंभीर रूप से घायल हो गया जहां पर उसको स्थानीय लोगों के सहयोग से सतहरिया सीएससी लाया गया बेहतर उपचार के लिए, एम्बुलेंस द्वारा जिला चिकित्सालय जौनपुर रेफर कर दिया परिजनों के मुताबिक रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# खेतासराय पुलिस ने 6 व्यक्तियों को शांति भंग में किया गिरफ्तार

खेतासराय, जौनपुर, (उत्तरशक्ति)। थाना खेतासराय पुलिस द्वारा 6 व्यक्तियों को शांति भंग में किया गया गिरफ्तार। डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा जनपद मे अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे व अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर, अरबिन्द कुमार वर्मा एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज, अजीत सिंह चौहान के निकट पर्यवेक्षण मे थाना खेतासराय पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-3.11.2024 को थाना क्षेत्र के ग्राम नौली से 2 व ग्राम दीदखोरा से 04 व्यक्ति कुल 06 व्यक्तियो का शान्ति भंग के दृष्टिगत चालान अन्तर्गत धारा 170/ 126/ 135 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता- 1. नरसिंह राजभर पुत्र जयप्रकाश राजभर निवासी निवासी नौली थाना खेतासराय जौनपुर। 2. बलवन्त राजभर पुत्र रामकुमार राजभर निवासी निवासी नौली थाना खेतासराय जौनपुर। 3. रामअवध पुत्र स्व0 रामसुमेर निवासी दीदखोरा थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 4.दीपनरायन पुत्र रामअवध हुलिया निवासी दीदखोरा थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 5.अदालत पुत्र रामअवध औसत निवासी दीदखोरा थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 6.राजगौतम पुत्र अदालत हुलिया निवासी दीदखोरा थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।




# विद्यालय में रंगोली बनाकर बच्चों ने जलाएं दीप

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा** संवाददाता, बदलापुर,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। अभिनव इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय पुरानी बाजार में दीपावली के उपलक्ष में विद्यालय के छात्रों तथा अध्यापकों ने सुंदर रंगोली बनाकर दीप जलाए और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका तथा राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत डॉक्टर विभा शुक्ला के द्वारा बताया गया कि विद्यालय के बच्चे अपने घरों पर खुद अपने हाथों से मिट्टी के दिए बनाकर रंग बिरंगी रंगों से सजा कर विद्यालय में दीप जलाए गए।वही जिसके उपरांत बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए दीपावली के पर्व को मनाया। विद्यालय में पिछले करीब 20 वर्षों से पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य का पालन करने वाले शिक्षामित्र अरविंद यादव को प्रधानाध्यापिका डॉक्टर विभा शुक्ला के द्वारा सम्मानित भी किया गया।उक्त अवसर पर विद्यालय के अध्यापक प्रियव्रत मिश्रा, गार्गी त्रिपाठी, प्रतिभा यादव, रीता देवी, एजाज अहमद, श्रीप्रकाश यादव, शिक्षा मित्र अरविंद यादव सहित आंगनबाड़ी की अध्यापिका गण मौजूद रही।



# अन्नकूट महोत्सव : 14 कुंतल मिष्ठान से किया गया बाबा विश्वनाथ का श्रृंगार

-सुरेश गांधी

वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ धाम में अन्नकूट के मौके पर बाबा विश्वनाथ का भव्य श्रृगार किया गया। यह पर्व हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाया जाता है। इस वर्ष अन्नकूट पर्व के अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ महादेव का 14 क्विंटल मिष्ठान अर्पित किया गया है। बाबा के इस श्रृंगार में विभिन्न प्रकार की मिठाइयां शामिल हैं। मध्यान्ह भोग आरती में यह विशिष्ट भोग श्री विश्वेश्वर महादेव को अर्पित किया गया। भोग लगने के उपरांत प्रसाद श्रद्धालुओं के मध्य वितरित किया गया। श्री काशी विश्वनाथ धाम में भोग आरती के बाद प्रसाद वितरण अन्नकूट पर्व का एक महत्वपूर्ण अंग है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि अन्नकूट पर्व केवल एक पारंपरिक आयोजन नहीं हैए बल्कि यह सनातन एकताए सनातन बंधुत्व भाव और दान के महत्व को भी रेखांकित करता है। इस दिनए भक्तगण एकत्र होकर न केवल श्री काशी विश्वनाथ जी की आराधना करते हैंए बल्कि एक.दूसरे के साथ मिलकर पर्वोल्लास का आदान.प्रदान भी करते हैं। यह पर्व सनातन धर्मियों में परस्पर एकजुटता और स्नेह द्वारा सनातन समाज में समृद्धि बढ़ाने का भी संदेश देता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति और प्रेम के साथ सभी सनातनधर्मी एक वृहद सनातन परिवार के सदस्य हैं।

अन्नकूट पर्व उत्सव पर भगवान शंकरए गौरी माताए गणेश जी की पंचबदन रजत चल प्रतिमा की भव्य आरती मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण द्वारा श्री विश्वेश्वर प्रांगण स्थित भगवान सत्यनारायण विग्रह के बगल विद्वान आचार्यगण एवं शास्त्रीगण के पौरोहित्य में संपन्न की गई। तत्पश्चात भव्य डमरू वादन के साथ पीएसी बैंड बाजे की तुमुल ध्वनि नाद के मध्य पंचबदन चल प्रतिमा की शोभायात्रा भगवान सत्यनारायण मंदिर से गर्भगृह तक संपन्न कर भगवान विश्वनाथ की मध्याह्न भोग आरती विधि विधान पूर्वक संपन्न की गई।



मां अन्नपूर्णा के दरबार के साथ ही काशी के मंदिरों में अन्नकूट सजा और भक्तों ने माता के दर्शन कर अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भक्तों ने माता अन्नपूर्णा के दरबार में जयकारे लगाए डमरू बजाया और माता से आशीर्वाद मांगा। पांच दिवसीय स्वर्ण प्रतिमा के दर्शन के आखिरी दिन माता का दरबार छप्पन भोग से सजा। माता का विशेष श्रृंगार किया गया आरती उतारी गई इसके साथ ही अब अगले साल दर्शन होंगे लिहाजा पूरे साल धन धान्य से पूर्ति का आशीर्वाद मांगा गया। कथा पर गौर करें तो माता अन्नपूर्णा के दरबार में बाबा विश्वनाथ ने काशी के भरण के लिए भिक्षा मांगी थी।

मान्यता है कि आज भी कहा जाता है कि मां के आशीर्वा से काशी में कोई भूखा नहीं सोता। माता के धाम में पांच दिन तक भक्तों की भीड़ रही। भक्तों ने दर्शन पूजन के साथ खजाना प्राप्त किया। दीपावली के बाद हर साल माता अन्नपूर्णा के दरबार में अन्नकूट सजता है जिसका भक्तों को बेसब्री से इंतेजार होता है। कहा जाता है कि माता के दरबार के सजे हुए अन्नकूट का दर्शन अगर किसी को मिल जाए तो भक्त का अन्न भंडार कभी खाली नहीं होता। भक्त ब्रह्म मुहुर्त से ही कतार में लग गए और माता के दरबार में हाजिरी लगाकर दर्शन कर प्रसाद प्राप्त किया। काशी के अन्य मंदिरों में भी अन्नकूट सजा जिसका आकर्षण हर किसी की नजरों में उतरा। बड़ा गणेश मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी लड्डू का प्रसाद सजाया गया और हर ओर जयकारा लगते नजर आया।

# जौनपुर तीन जगह है भगवान चित्रगुप्त मन्दिर



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जौनपुर नगर में तीन भगवान चित्रगुप्त मन्दिर हैं। एक रूहटा स्थित भगवान चित्रगुप्त मन्दिर जो लगभग 20 वर्षों पूर्व बना है। एक चौकियां धाम स्थित है जो लगभग 25 साल पुराना मंदिर है। एक वर्षों पूर्व बना प्राचीन भगवान चित्रगुप्त मन्दिर बारी नाथ मठ मंदिर में हैं। गुरु गोरखनाथ मठ मंदिर गोरखपुर द्वारा संचालित मंदिर बाबा बारीनाथ मठ अखाड़ा मन्दिर का निर्माण संवत 2032 में हुआ। जिसमें बाबा बृहस्पतिनाथ, बाबा बरखा नाथ, बाबा रंगनाथ, कई नाथ योगियों ने यहां गुरु गोरखनाथ का धुना रमाया चेतन तपस्या किया फिर योगी देवनाथ जी 1995 से 2020 तक श्री नाथ योग प्रचार प्रसार किया योगी देवनाथ जी ने 12नवम्बर 2020 में शरीर ब्रह्मलीन हो गए उसके बाद माता ज्वाला देवी मंदिर के पूजारी बाबा योगी हरदेव नाथ जी का आगमन हुआ जो बाबा बारीनाथ मठ मंदिर के महंत हैं। बाबा बारीनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ मंदिर, भगवान चित्रगुप्त मन्दिर, भगवान राम दरबार मंदिर, भगवान शिव मंदिर, भगवान हनुमान मंदिर, माता महाकाली माता महालक्ष्मी, महा सरस्वती, प्राचीन शिव मंदिर, बाबा रंगनाथ जी का धुना, बाबा बृहस्पतिनाथ समाधी बाबा रंगनाथ समाधी, बाबा सुमेर नाथ समाधी हैं। शिवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है बारीनाथ मठ में योगी महंत अवैद्यनाथ जी गोरखनाथ मठ का आगमन बारी नाथ मठ में कई बार हुआ। महंत योगी बाबा हरदेव नाथ जी ने बताया कि मंदिर में नित्य नेमित्तिक पूजन आरती आदेश किया जाता है जहा प्रतिदिन सैकड़ों भक्त आते रहते हैं। मठ मंदिर की मान्यता है कि सच्चे मन से मत्था टेकने से मनोकामना पूरी होती हैं। बारी नाथ मठ भगवान चित्रगुप्त मन्दिर में 3 नवम्बर को दोपहर एक बजे से विधिविधान से पूजन होगा उसके बाद एक शोभायात्रा जुलूस निकाली जाएगी जो उर्दू बाजार शाही पुल ओलंदगंज होते हुए रूहटा स्थित भगवान चित्रगुप्त मन्दिर में आरती के साथ समापन होगा। राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट ने समस्त नगरवासियों से अनुरोध किया है कि पूजन एवं शोभायात्रा में शामिल होने की अपील किया है।

# जमीनी विवाद में पुत्र के सामने मां बाप पर जान लेवा हमला, हालत गंभीर बीएचयू रेफर

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जफराबाद क्षेत्र के दुल्हेपुर गांव में बीती रात रास्ते के विवाद को लेकर मनबढ़ों ने दंपति को लाठी,डंडे और धार दार हथियार से प्रहार कर मरणासन्न कर दिया, माता पिता को बचाने पहुचे पुत्र को भी मनबढ़ो ने पीट दिया,बाद में गांव वालों के दौड़ाने पर मनबढ़ घटनास्थल से भाग निकले। दंपति की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल से बी एच यू रेफर किया गया है। पुलिस गांव के ही 6 लोगो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन कर रही है। जानकारी के मुताबिक दूल्हेपुर गांव निवासी आशीष चौबे का गांव के ही लालजी सरोज से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार की रात आशीष चौबे अपने घर के दरवाजे पर बैठकर भोजन कर रहा था इस समय गांव के ही लालजी सरोज के पुत्रों ने लाठी डंडा,गड़ासा और अन्य धारदार हथियार इत्यादि लेकर आशीष चौबे पर हमला बोल दिया पति को बचाने दौड़ी पत्नी रेखा को भी मारपीट कर मरणासन्न कर दिया घटना को देखकर माता-पिता को बचाने के लिए बेटा जयेश भी दौड़ा जिस पर भी लाठी डंडे से प्रहार किया गया।शोरगुल सुनकर गांववासी इकट्ठा हुए और गांव वालों के विरोध के चलते मनबढ़ो को घटना स्थल से भागना पड़ा ।होश में आने पर आशीष चौबे ने जफराबाद थाने में गांव के ही धरम सरोज , करम सरोज, नवल सरोज,दीपक सरोज पुत्रगण लालजी सरोज, लालजी सरोज,करन सरोज पुत्र चंद्रशेखर सरोज के खिलाफ तहरीर दिया है।हालत नाजुक होने पर आशीष चौबे एवं उनकी पत्नी रेखा चौबे को बी एच यू रेफर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक जेपी यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा घटना की छानबीन की जा रही है जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# दुद्धी में प्रेमी ने फांसी लगाकर दी जान, प्रेमिका ने कुएं में लगाई छलांग

सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से आहत उसकी प्रेमिका कुएं में कूद गई। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया है। बताते हैं कि लड़की के घर वालों ने कुछ माह पहले ही युवक पर केस दर्ज कराया था। जिसके बाद उसे जेल भी हुई थी। बाहर आने के बाद दोनों फिर से संपर्क में थे। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। गांव निवासी युवक का पड़ोसी गांव निवासी किशोरी (16) के साथ काफी दिनों से प्रेम संबंध चल रहा था। लड़की के घर वालों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने दोनों को समझाने का प्रयास किया। बात नहीं बनी तो युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कराया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कुछ दिन बाद युवक जेल से बाहर आ गया तो फिर दोनों में मोबाइल से बातचीत शुरू हो गई थी। परिवारवालों ने इसे लेकर युवक को डांट लगाई। इससे क्षुब्ध होकर युवक शुक्रवार को घर से कुछ दूर स्थित पाही पर गया। वहां बड़ेर से लोहे के पाइप पर दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की खबर उसकी प्रेमिका को मिली तो वह भी घर से निकली और दौड़कर पास में स्थित कुएं में कूद गई। रस्सी की मदद से कुएं में उतरकर ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला और आनन-फानन दुद्धी सीएचसी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस बाबत सीओ दुद्धी प्रदीप सिंह चंदेल ने बताया कि युवक और किशोरी के बीच प्रेम संबंध चल रहा था। इसे लेकर करीब चार माह पहले लड़की के घर वालों ने युवक पर मुकदमा भी दर्ज कराया था। जेल से बाहर आने के बाद दोनों फिर से संपर्क में आ गए थे। युवक ने फांसी लगाकर जान दी है तो वहीं किशोरी ने भी कुएं में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह व बेटे रितेश सिंह सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। गाजीपुर जिले के जमनिया विधायक व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह सेवराई गहमर गाजीपुर, सिगरा छितूपुर के पूर्व पार्षद ओपी सिंह, नंदलाल केसरी खोजवा भेलूपुर, रितेश सिंह सेवराई गहमर गाजीपुर के रहने वाले खिलाफ कोर्ट के निर्देश पर भेलूपुर थाना में मुकदमा के गवाह गौतम घोष को गवाही नहीं देने के लिए धमकाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। गौतम घोष एक प्राइवेट कंपनी में सेल्समैन और एकाउंट का काम करते है। उनका आरोप है कि सिगरा थाना में ओमप्रकाश सिंह सहित अन्य के खिलाफ आईपीसी 352,504,506 दर्ज किया गया था। इस मुकदमे में गौतम घोष गवाह है। बीते साल 26 जून 2023 को रात 9,40 बजे ओमप्रकाश सिंह आरोपियों के साथ उनके केदार नगर सुंदरपुर नेवादा स्थित घर में घुसकर गाली गलौज करने लगे। गौतम घोष की पत्नी को बाहर बुलाकर ओमप्रकाश सिंह मुकदमा में गवाही नहीं देने के लिए कहते हुए गाली गलौज करने लगे थे। गवाही देने पर हाथ पैर तोड़वाने की धमकी दिया था। इस बीच गौतम की मोबाइल पर फोन करके रितेश सिंह गाली गलौज करते हुए धमकी दिया।जिसकी शिकायत तत्काल भेलूपुर पुलिस से करने पर दो सिपाही घर पहुंचे थे। घर में लगे सीसीटीवी कैमरा में आरोपियों की गतिविधि कैद हो गई थी। जिसके बाद मुकदमा दर्ज कराने के लिए खोजवा पुलिस चौकी और डीसीपी काशी जोन से शिकायत करने पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था। इंस्पेक्टर भेलूपुर विजय शुक्ला ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर कोर्ट की निर्देश पर जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह सहित पूर्व पार्षद सपा नेता ओपी सिंह अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन मौत

गाजीपुर, (उत्तरशक्ति)। नोनहरा थाना क्षेत्र के शहबाजकुली ग्राम के पास गाजीपुर- बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, हादसे के कारण आधे घंटे तक हाइवे पर आवागमन बाधित रहा। नोनहरा थाना क्षेत्र के नगवा गांव निवासी इंद्रमणि यादव (45) इसी गांव के सरोज यादव (27) और थाना क्षेत्र के ही जल्लापुर निवासी शैलेष यादव (28) एक बाइक पर सवार थे। सभी रात में करीब साढ़े दस बजे शहवाजकुली में पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीनों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षत विक्षत शवों को कब्जे में ले लिया। मौके पर मिले मृतकों के मोबाइल के सहारे पहचान करके परिजनों को हादसे की जानकारी दी। इस दौरान करीब आधे घंटे राजमार्ग पर आवागमन बाधित रहा।

# खंबे से टकरा कर बाइक सवार की मौत ,पीछे बैठा युवक गंभीर

सरायख्वाजा, जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बालेमऊ गांव निवासी बाइक सवार एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। जबकि दूसरा घायल है। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के परसनी कुत्तूपुर गांव के पास कल रात बाइक सवार दो युवक सड़क किनारे बिजली के खम्भे से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गये। लोगों ने घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां एक युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बालेमऊ गांव निवासी प्रिंस कुमार 22 वर्ष पुत्र पप्पू यादव और इसी गांव का मल्लू यादव 25 वर्ष पुत्र मोछू यादव दोनों एक ही बाइक से देर रात घर लौट रहे थे। परसनी कुत्तुपुर के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खम्भे से टकरा गयी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्रिंस यादव को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# दीपावली पर नयी खरीदी कार बनी पवन यादव के मौत का कारण

## सड़क दुर्घटना में पवन की मौत और उनके पांच साथी घायल



मछलीशहर, जौनपुर(उत्तरशक्ति )। थाना मछलीशहर क्षेत्र स्थित सरावां गांव निवासी प्रधान प्रतिनिधि श्याम नारायण यादव के पुत्र पवन की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है जबकि उनके पांच साथी घायल हो गए हैं। घटना दिल्ली से वाहन खरीदकर घर लौटते समय आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर 01 नवंबर 24 शुक्रवार को सुबह हुई। पवन यादव (45) पुत्र श्यामनारायण वाहन क्रय विक्रय का कारोबार करते हैं। वह धर्मदासपुर और चकनारायणपुर के अपने साथियों के साथ दिल्ली अर्टिगा खरीदने गए थे। दीपावली की रात में वाहन पर सवार होकर सभी लोग घर के लिए रवाना हुए। दिल्ली से चलने के बाद शुक्रवार को प्रातः 05.00 बजे आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 263.4 पर अर्टिगा गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त हो गई, जिसमें पवन कुमार यादव पुत्र श्याम नारायण यादव निवासी ग्राम सरावां थाना मछलीशहर जौनपुर की मृत्यु हो गई और गाड़ी में बैठे धर्मेंद्र कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम चक नारायणपुर थाना बरसठी जौनपुर गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें सीएससी औरास में ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। जितेंद्र कुमार पुत्र श्याम लाल निवासी चक नारायणपुर थाना बरसठी जौनपुर , गणेश पुत्र नंदलाल निवासी ग्राम चक नारायणपुर थाना बरसठी, रवि शंकर पुत्र अच्छेलाल निवासी ग्राम धर्मदासपुर थाना बरसठी जौनपुर को हल्की चोट लगी है। इन सभी को प्राथमिक उपचार के बाद सीएससी औरास से छुट्टी दे दी गई । मृतक एवं घायलों के परिजनों को पुलिस ने फोन द्वारा सूचना दिया। मृतक के परिजन शव को पोस्टमार्टम के बाद उन्नाव से लाने के लिए सुबह ही रवाना हो चुके है। शुक्रवार को देर रात तक शव घर पहुंचने की जानकारी ग्रामीणों ने दी है। मृतक पवन दो बार जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ चुके है किंतु सफलता नहीं मिली। उनकी दो शादी हुई है। दूसरी पत्नी से एक बेटी हुई हैं। घटना की जानकारी होने के बाद परिवार में मातमी सन्नाटा पसर गया है।

# गरीब की जमीन पर भूमाफिया का कब्जा, दर दर भटक रहा भुक्तभोगी



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। आजमगढ़ के थाना दीदारगंज अंतर्गत ग्राम करूई के अल्ताफ पुत्र गफ्फार ने जिला मुख्यालय पर पहुंच यह आरोप लगाया है की उनके गांव के ही सिधारी व गिरधारी उनके खेत जिसका नम्बर 1736 है। जिसमें सिधारी व गिरधारी बिना किसी छोटे या बड़े अधिकारी के आदेश या बिना कोई कोर्ट के आदेश के उनके खेत के नम्बर में बिना किसी खतौनी के संशोधन के उनके खेत में जबरन कब्जा कर लिया है। उन्होंने आगे बताया की उनकी चक 4 एकड़ 20 कड़ी है जो रोड में छूती है उसी रोड पर सिधारी व गिरधारी नाम के भूमाफिया जबरन कब्जा कर लिया हैं।और लगभग दो साल से कोर्ट में मामला चल रहा है। उसने कोर्ट से नोटिस भी भिजवाया लेकिन अभी तक उसकी कोई सुनवाई नही हुई वो भूमाफिया लोग बदमाश और सरकश है। और इन दोनों का परिवार वाले भी हमेशा लाठी डंडा और धारदार हथियार लेकर डराते रहते है उसे डर है कि वह लोग उसे जान से मार सकते है।कहीं भी कुछ सुनवाई नही हो रही है कई बार थाना दीदारगंज को बताया गया लेकिन कहीं से सुनवाई नहीं हुई। आगे बताया की उसने सी ओ फूलपुर और कप्तान आजमगढ़ की भी लिखित और रजिस्ट्री पत्र द्वारा कई बार अवगत कराया है। ऐसे में सवाल यह है। की आखिर एक गरीब की कोई सुनवाई कही क्यू नहीं हो रही है। जबकि की प्रदेश के मुखिया सीएम योगी का स्पष्ट आदेश है की उच्च अधिकारी जमीनी विवाद को मौके पर पहुंच कर सुलझावे।

# करन कुंज वस्त्रालय में लगीं भीषण आग, कई लाख का सामान जलकर हुआ राख

जौनपुर। जनपद जौनपुर के सिकरारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा भुआकलां के खपरहां बाजार में करन कुंज वस्त्रालय में 31/ 10 /2024 दीपावली की रात्रि लगभग 11:30 बजे करन कुंज वस्त्रालय में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई, जिसमें लगभग 20 से 25 लाख का माल जलकर राख हो गया और दुकान के मालिक रतन कुमार सोनी के द्वारा बताया गया कि उसमें रखे ?14000 कैश भी जलकर राख हो गया.दीवाल का प्लास्टर और छत की पटियां भी चूर-चूर हो गई बाजार के लोगों द्वारा बताया गया कि रोज की तरह रतन कुमार सोनी का पुत्र हितेश सोनी पूजा



पाठ करके दुकान बढ़ा दिया और दुकान में से दीपक निकालकर दुकान बंद करके सोने चला गया जब रात्रि को भोजन करने के बाद सो रहा था तभी लगभग 11:30 बजे दुकान के सामने घर में से किसी परिवार के सदस्य की निगाह दुकान की तरफ गई तो दुकान में से धुआं निकल रहा था तो दौड़ कर घर में तेजी से शोर मचाया तो बाजार के लोग मौके पर दौड़ कर ताला खोला गया तो दुकान में आग पूरी तरह से लग चुकी थी। जब तक लोग आग पर काबू पाते तब तलक सारा सामान जलकर राख हो गया था।आग की लौ बाहर तक आ रही थी लोगों को आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया तब मौके पर पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, तब पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड पहुंचकर आग पर काबू पाया लेकिन दुकान का सारा सामान जल कर राख हो गया था मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई दुकान के मालिक रतन कुमार सोनी ने शासन प्रशासन से सहायता की गुहार लगाई है ग्राम प्रधान बृजमोहन व हल्का लेखपाल व शासन प्रशासन ने पूरी सहायता करने का आश्वासन दिया है.


कार्यालय

उत्तरशक्ति (हिन्दी दैनिक)

निकट- हुमा मस्जिद वार्ड नम्बर-35, मुफ्ती मोहल्ला
जनपद- जौनपुर (उ0प्र0)- 222001

कार्यालय 9695970605
मुख्यालय 9554493941

E-mail: uttarshaktijaunpur7066@gmail.com

विज्ञापन, सूचना सम्बन्धित खबरों के लिए सम्पर्क करें।

Website-www.uttarshakti.co.in

YouTube UTTAR SHAKTI TV NEWS

हर खबर निष्पक्षता के साथ


# धिवक्ताओं के लिए बने एडवोकेट एक्ट कानून-बोले अधिवक्ता अरशी



-विशाल सोनी

शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिस तरह से गाजियाबाद के भरे न्यायालय में माननीय न्यायधीश के आदेश पर अधिवक्ताओं पर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज हुआ है वह अंग्रेजी हुकूमत की याद दिलाती है। जिसकी जितनी भी निंदा की जाय कम है ।लाठी चार्ज की घटना से पूरे देश के अधिवक्ता आक्रोशित और मर्माहत हैं। उक्त बातें शनिवार को शाहगंज के मोहल्ला इराकियाना स्थित अपने आवास पर दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ जौनपुर के सदस्य अधिवक्ता अरशी ने एक औपचारिक मुलाकात में कही। अरशी ने कहा की बार काउंसिल उत्तर प्रदेश ने एक आपात बैठक कर सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया है की चार नवम्बर को पूरे प्रदेश भर अधिवक्ता लाठीचार्ज के विरोध में अपना विरोध प्रदर्शन कर मामले की उच्च स्तरीय जांच और एडवोकेट एक्ट कानून बनाने की मांग रखेंगे। बताते चले 29 अक्टूबर को गाजीयाबाद के जिला न्यायालय में कथित तौर पर जिला जज के आदेश पर अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज हुआ था ।जिसमे दर्जनों अधिवक्ता घायल हुए जिनमे कुछ का इलाज अभी भी चल रहा है। तभी से पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं में भारी रोष देखा जा रहा है।

# बक्सा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल लूटने वाला गिरफ्तार



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बक्सा पुलिस टीम द्वारा 04 अक्टूबर 2024 को मोटरसायकिल की लूट के संबंध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 354/24 धारा 309(6)/317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था । 10 अक्टूबर 2024 को मोटरसायकिल की बरामदगी करते हुए अभियुक्त दीपक यादव पुत्र राय साहब यादव, आशीष गौतम पुत्र उदय राज गौतम नि0गण देवरिया थाना बदलापुर जौनपुर को गिरफ्तार किया गया था, घटना मे शामिल/वांछित अभियुक्त नितेश सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह निवासी ग्राम सरायरैचन्द्र थाना बक्शा जौनपुर को मुखबीर की सूचना पर आज 02 नवंबर 24 को ग्राम सरायरैचन्द थाना बक्सा जौनपुर से गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कबीरूद्दीनपुर पीड़ित परिवार के घर पहुंचा आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। आम आदमी पार्टी जौनपुर का एक प्रतिनिधिमंडल पहुंचा थाना गौराबादशाहपुर ग्राम कबीरूद्दीनपुर अनुराग यादव की जो निर्मम हत्या हुई थी। उस पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को आश्वासन दिए की स्वर्गीय अनुराग यादव के कत्ल में जो भी अपराधी शामिल हैं। उन सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने में आम आदमी पार्टी आवाज उठाएगी और पीड़ित परिवार के साथ हमेशा खड़ी रहेगी। आम आदमी पार्टी जौनपुर का प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा के नेतृत्व में आप पार्टी के विधि प्रकोष्ठ पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मणि त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह बागी, शहर नगर अध्यक्ष विनोद यादव, एडवोकेट संतोष विश्वकर्मा इत्यादि लोग पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उक्त जानकारी आम आदमी पार्टी जौनपुर के निवर्तमान जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी ने दिया।

# सांसद धर्मेंद्र यादव ने बाबा विश्वनाथ और माँ अन्नपूर्णा का लिया आशीर्वाद



वाराणसी,(उत्तरशक्ति)। जनपद में आजमगढ़ से सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने श्री काशी विश्वनाथ धाम और मां अन्नपूर्णा मंदिर में हाजिरी लगाई। उन्होंने दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। धर्मेंद्र यादव वाराणसी में गोवर्धन पूजा में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने सपा नेता मनीष यादव के घर जाकर हाल-चाल लिया। वहीं श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचकर बाबा विश्वनाथ का विधिविधान से दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। सपा सांसद ने माता अन्नपूर्णा के दरबार में भी हाजिरी लगाई। उन्होंने कहा कि जब भी बनारस आता हूं तो बाबा का आशीर्वाद लेने की कोशिश करता हूं। इस बार त्योहार के मौके पर बाबा के दर्शन-पूजन का मौका मिला, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने देश-प्रदेश में खुशहाली और तरक्की की कामना की। साथ ही सभी लोगों को त्योहारों के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सपा नेता मनीष यादव, मनोज यादव, रचित गुप्ता, पूजा यादव आदि रहे।

# वाराणसी में जलालुद्दीन शाह उर्फ पीर बाबा का उर्स मना



वाराणसी (उत्तरशक्ति)। जनपद के जैतपुरा में हर साल की तरह इस बार भी दीपावली के दूसरे दिन 1 नवंबर को जलालुद्दीन शाह उर्फ पीर बाबा का उर्स बड़ी श्रद्धा और अकीदतमंदों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल रशीद के नेतृत्व में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जायरीन और स्थानीय निवासियों ने हिस्सा लिया। शाम 4 बजे जलालुद्दीन पूरा मस्जिद के पास मैदान में उर्स का आयोजन हुआ। जिसमें महफिल-ए-कव्वाली की शुरूआत हुई। कव्वाली के साथ चादर और गागर का जुलूस निकाला गया। जो अपने कदमी रास्तों से होते हुए खोजपुरा मैदान, कमलापूरा, जी मेडिकल रोड, और शीतला माता मंदिर गली से होकर जलालुद्दीन शाह के आस्ताने तक पहुंचा। आस्ताने पर कुरानखानी और नात-ए-शरीफ का आयोजन हुआ। जिसके बाद मौलाना ने विशेष बयान दिया। अंत में तबर्रुक (प्रसाद) सभी जायरीन में तक्सीम किया गया। जिससे उर्स का समापन हुआ। इस आयोजन के दौरान थाना जैतपुरा के एसएचओ ब्रिजेश कुमार मिश्र एवं पुलिस प्रशासन ने पूरे आयोजन में शांति व्यवस्था बनाए रखी। कई सामाजिक कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल रहे, जिन्होंने सहयोग प्रदान किया।

## मुस्लिमों को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा ने झोंकी ताकत



वाराणसी। मिजापुर की मझवा विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के लिए प्रतिष्ठा की सीट बन चुकी है। इस सीट पर कब्जा बरकरार करने के लिए बीजेपी हर वर्ग को अपने साथ जोड़ने की कवायद में जुटी है. तो दुसरी तरफ 20 फीसदी मुस्लिम मतदाता को साधने के लिए ऐड़ी से चोटी का जोर लगा दिया है। इसके लिए बीजेपी कई तरह के कार्यक्रम और सम्मेलनों का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में भदोही से पहुंचे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकारिणी सदस्य एवं उत्तर प्रदेश हज कमेटी के सदस्य सरवर सिद्दीकी अल्पसंख्यक वोटों को भाजपा से जोड़ने के लिए जगह-जगह मीटिंगे कर रहे है। सरवर सिद्दिकी अल्पसंख्यक बाहुल क्षेत्रों में महिलाओं के बीच लगातार गोष्ठियां कर रहे है। उनका प्रयास है कि मुस्लिम महिलाएं भाजपा के पक्ष में मतदान करें। महिलाओं को बताया जा रहा है कि कोई नहीं जान सकता कि उन्होंने किसे वोट दिया है, इसलिए वह अपने हिसाब से वोट दें। साथ ही उन्हें मोदी-योगी सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के हित में किए जा रहे कार्यो को भी समझाया जा रहा हैं। सरवर सिद्दीकी का दावा है कि इस उपचुनाव में इस क्षेत्र में 5 हजार अल्पसंख्यकों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है. उनका प्रयास है कि मुस्लिम भाजपा के पक्ष में मतदान करें। उनका कहना है कि योगी सरकार पिछले सात सालों में सरकारी योजनाओं में मुस्लिम को कितना लाभ मिला है, इसका ब्योरा भी उन्हें दिया जा रहा है। उनका कहना है कि सपा-कांग्रेस की सिर फुटौवल व बसपा में कार्यकर्ताओ की नाराजगी का पूरा फायदा भाजपा को मिलेगा।

## साई झूलेलाल : 11000 दीपों से उकेरा स्वागत महाकुंभ 2025



वाराणसी। दिवाली के दूसरे दिन शुक्रवार को 11 हजार दीपों से श्री झूलेलाल मन्दिर को जगमग किया गया। हर साल की तरह दीपोत्सव में इस बार की थीम स्वागत महाकुंभ 2025 रही। इस थीम को 11000 दियो से उकेरा गया था। इस दौरान लक्सा स्थित साई झूलेलाल मंदिर में इष्टदेव झूलेलाल साई की संत कवर राम सिन्धी युवा समिति वाराणसी द्वारा भव्य सजावट के साथ ही महाआरती व साईं झूलेलाल की हरियाली श्रृंगार भी किया गया। इस अवसर पर सिन्धी समाज के सैकड़ों महिला, पुरुष और बच्चों ने एकजुट होकर दीपोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया। साथ ही 500 वर्षों उपरान्त प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर में विराजमान होने की खुशी में इस मौके को उत्सव के रूप में मनाया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष पवन शादीजा, सचिव संजय तहलानी, विक्की रुपरेला ने किया। कार्यक्रम संयोजक अमित बजाज, भरत चांगरानी, मनीषा बलानी, हितेश लालवानी रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक चन्दन रुपानी, मनोज लखमानी, कमल हरचानी, दिलीप आहुजा, अनिल बजाज, राज चंगरानी, नरेश बदलानी, सुनील बध्वा, धर्मेन्द्र सेहता, जय लालवानी, राकेश बलेचा, रतन राजवानी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। शाहगंज आज संसदीय क्षेत्र के विकास खण्ड सुइथाकला, शाहगंज जौनपुर में लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनअधिकारपार्टी संस्थापक जौनपुर सांसद बाबूसिंहकुशवाहा रहे, उन्होंने माल्यार्पण कर नमन किया। तथा साथ में राम शिरोमणि वर्मा सांसद श्रावस्ती भी उक्त कार्यक्रम में मौजूद रहे। सांसद श्री बाबू ने इस अवसर पर आधुनिक भारत के निर्माता, भारत रत्न से सम्मानित लौहपुरुष सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में शैलेंद्र यादव ललई पूर्व मंत्री, संरक्षण के जितेंद्र वर्मा बाजीगर का रहा, संयोजक रहे इंजीनियर धर्मेंद्र वर्मा, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विंध्य वर्मा, पवन मौर्या जिला अध्यक्ष जौनपुर आदि मौजूद रहे वही उक्त कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## बहनों ने भाईयों की दीघार्यु की कामना की, पूजे गए भगवान चित्रगुप्त



वाराणसी। शहर से लेकर देहात तक में रविवार को कायस्थ समाज तथा विभिन्न वर्गो के लोगों ने चित्रगुप्त भगवान की पूजा की. साथ ही भाई दूज का पर्व अपने-अपने भाइयों की लंबी आयु के लिये बहनों ने किया. कायस्थ समाज के लोगों ने चित्रगुप्त मंदिरों में चित्रगुप्त भगवान की पूजा की. भाई दूज को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में बहनों की ओर से पारंपरिक तरीके से पूजा की गई. बहनों ने पारंपरिक गीत व पूजा कर यम भगवान से अपने भाइयों की लंबी आयु की कामना की. पूजा में विशेष रूप से बहनों ने लाठी व डंडों से गाय के गोबर के बने गोधन की कुटाई की. इसमें चना और रेघनी के कांटे को गोधन पर चढ़ाया गया. गोधन कुटाई के बाद चढ़ाए गए चना और रेघनी के कांट को अलग कर लिया गया. उसके बाद बहने रेघनी का काटा अपने जीभ में चुभो कर श्रापते हुए उसकी दिघार्यु की कामना की. इसके बाद भाई को चना (बजरी) और लड्डू बहनों से खिलाया. वहीं कायस्थ समाज ने देवी देवताओं के लेखपाल चित्रगुप्त महाराज की पूजा की. कायस्थ समाज ने पारंपरिक रीति रिवाज से कलम दवात की पूजा की.

## पेरू में भारतीय दूतावास ने 5 भाषाओं को शास्त्रीय दर्जा मिलने पर मनाया जश्न



मुंबई/ लीमा। पेरू के लीमा में भारतीय दूतावास ने असमिया, बंगाली, मराठी, पाली और प्राकृत को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने का जश्न मनाया। हाल ही में भारत सरकार की ओर से पांच नई भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया है, जिसके बाद देश में शास्त्रीय भाषाओं की कुल संख्या 11 हो गई है। इन नई भाषाओं को सम्मान एवं प्रोत्साहन दिए जाने पर विभिन्न जगहों पर विदेशों में स्थित भारतीय दूतावास की ओर से भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में लीमा में आयोजित उत्सव जीवंत हो उठा, जिसमें स्थानीय भारतीय समुदाय के सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पेरू के गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए, जिन्होंने भारतीय मूल के लोगों द्वारा प्रस्तुत की गई विभिन्न रोचक गतिविधियों का लुत्फ उठाया। इस कार्यक्रम में इन भाषाओं के ऐतिहासिक महत्व और स्थायी सांस्कृतिक प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए विविध गतिविधियां शामिल थीं।

कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय राजदूत विश्वास सपकाल के संबोधन के साथ हुई, जिसमें उन्होंने सरकार के निर्णय के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि कैसे यह अकादमिक शोध निधि और सरकारी सहायता के अन्य रूपों के माध्यम से इन भाषाओं को और बढ़ावा देगा। राजदूत ने हमारी विविधता को पोषित करने की प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने में भारत सरकार द्वारा किए जा रहे ठोस प्रयासों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर, प्रवासी बंगाली और मराठी भाषी लोगों ने अपनी-अपनी भाषाओं के समृद्ध इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके प्रेरणादायक योगदान, उनके प्रसिद्ध लेखकों और उनके पुरस्कार विजेता साहित्यिक कार्यों के बारे में जानकारी साझा की। इस कार्यक्रम में असम, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के पारंपरिक नृत्य भी पेश किए गए। आयोजन में 100 से अधिक आमंत्रित लोग शामिल हुए, जिनमें भारतीय समुदाय के सदस्यों के अलावा पेरू के लोग शामिल थे, जिन्हें भारत की भाषाओं, संगीत, जीवंत संस्कृति और विविधता ने काफी प्रभावित किया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का दो दिवसीय व्यक्तित्व विकास बाल शिविर संपन्न



जौनपुर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ खंड बदलापुर जिला मछली शहर के तत्वाधान मे दो दिवसीय व्यक्तित्व विकास बाल शिविर का आयोजन किया गया। आपको बता दें कि, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सदा से ही राष्ट्र भक्ति, देश भक्ति की भावना से प्रेरित कार्यों को अपनी शाखा के माध्यम से करता है, इसी के क्रम मे प्रशिक्षण का आयोजन भी किया जाता है, दो दिवसीय व्यक्तित्व विकास बाल शिविर का आयोजन दो और तीन नवंबर को सायं तक ठाकुर धर्मसेन सिंह शिक्षण संस्थान चंदापुर, बदलापुर जौनपुर मे किया गया। उद्घाटन सत्र प्रभात जी जिला प्रचारक मछली शहर द्वारा किया गया। समापन सत्र अजीत जी विभाग प्रचारक जौनपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिविर प्रमुख अरूण, खंड संचालक अशोक, खंड कार्यवाह जटाशंकर, सह खंड कार्यवाह कपिल, रोहित, खंड प्रचारक अंजनी, खंड संपर्क प्रमुख सच्चिदानंद, जिला बौद्धिक प्रमुख अशोक, खंड धर्म जागरण प्रमुख सुभाष सह बौद्धिक प्रमुख अभिषेक, हिमांशु खंड महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख, मानस सह खंड महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख सहित खंड और जिले के प्रशिक्षित स्वयं सेवक उपस्थित होकर शिविर को सफल बनाएं।

## श्री गोवर्धन पूजा उत्सव मनाया गया



मुंबई। श्री चैतन्य गौड़ीय मठ, मुंबई शाखा ने 02 नवंबर, 2024 को सायन, जीटीबी नगर में अपनी लघु शाखा के निकट श्री गोवर्धन पूजा उत्सव मनाया गया। संगठन से जुड़े 400 से अधिक भक्तों ने मुंबई के विभिन्न हिस्सों से आकर कार्यक्रम में भाग लिया। विशेष गणमान्य व्यक्ति जैसे विधायक कैप्टन आर तमिल सेल्वन, मुंबई के भाजपा उपाध्यक्ष रवि राजा, कांग्रेस विधायक उम्मीदवार गणेश यादव और महाराष्ट्र भाजपा के राज्य सचिव और मुंबई जिला संयोजक डॉ विनोद कोठारी भी महोत्सव में उपस्थित हुए। श्री चैतन्य गौड़ीय मठ, मुंबई के मठाध्यक्ष स्वामी भक्ति सुहृद परमाद्वैति महाराज द्वारा कहा गया हृदयस्पर्शी हरिकथा में उन्होंने श्री गोवर्धन पूजा के महत्व को विशेष रूप से बताया। उन्होंने कहा, श्री गोवर्धन स्वयं श्री कृष्ण हैं और साथ ही श्री कृष्ण-भक्त भी हैं। श्री गोवर्धन की पूजा श्री कृष्ण की पूजा के साथ-साथ श्री कृष्ण-भक्त की पूजा भी है। परमेश्वर भगवान श्री कृष्ण ने श्री गोवर्धन की पूजा का शुभारम्भ किया। अर्थात उन्होंने श्री कृष्ण और श्री कृष्ण-भक्तों की सेवा का शुभारम्भ किया। श्री गोवर्धन का एक अर्थ है इंद्रियों के आनंद को बढ़ाना, इसलिए, गोवर्धन-पूजा श्री कृष्ण और श्री कृष्ण-भक्तों की चिन्मय इंद्रियों के आनंद वृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने सनातन धर्म के महत्व के बारे में भी बताया और कहा कि दुनिया की कोई भी शक्ति पूरे ब्रह्मांड से सनातन धर्म को मिटा नहीं सकती क्योंकि यह मात्र धर्म नहीं बल्कि सभी जीवों का सहज स्वभाव है। अपने प्रवचन के दौरान स्वामीजी ने यह भी बताया कि संस्था के संस्थापक परम पूज्य श्री भक्ति दयित माधव गोस्वामी महाराज और उनके प्रिय शिष्य परम पूज्य श्री भक्ति बल्लभ तीर्थ गोस्वामी महाराज, दोनों की इच्छा थी कि मुंबई में श्री चैतन्य गौड़ीय मठ का एक बड़ा केंद्र स्थापित किया जाए और स्वामीजी ने इस संबंध में उत्सव में उपस्थित सभी श्रद्धावान व्यक्तियों जिनमें कि राजनेता भी उपस्थित थे। सभी से सहयोग एवं समर्थन की प्रार्थना की। इसके बाद सभी भक्तों ने श्री गोवर्धन की परिक्रमा की, गायों की पूजा की और गायों को भरपूर भोजन कराया। इसके तुरंत बाद सभी उपस्थित लोगों के लिए एक भव्य भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम लगभग पांच घंटे तक चला और सभी उपस्थित लोगों ने सुंदर कीर्तन, छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक और अन्य कार्यक्रमों का आनंद लिया।

## सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने 5 भाषाओं को शास्त्रीय दर्जा मिलने पर मनाया जश्न



रियाद। सऊदी अरब के रियाद में स्थित भारतीय दूतावास ने सभी 11 शास्त्रीय भाषाओं के ऐतिहासिक महत्व को प्रदर्शित करने वाला एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम सप्ताह भर चलने वाले प्रवासी परिचय-2024 का हिस्सा था और इसमें 500 से अधिक भारतीय प्रवासी सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान भारतीय दूतावास ने भारत सरकार की ओर से मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने का जश्न मनाया। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने अपने एक वीडियो संदेश में शास्त्रीय भाषाओं के महत्व को बढ़ाने के लिए मिशन के प्रयासों का उल्लेख किया। इस कार्यक्रम में 90 मिनट का एक नाटक शामिल था, जिसमें सभी 11 शास्त्रीय भाषाओं - असमिया, बंगाली, मराठी, पाली, प्राकृत, संस्कृत, तेलुगु, मलयालम, तमिल, कन्नड़ और बंगाली से जुड़े कई ऐतिहासिक किस्सों और पहलुओं को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों की ओर से पेश कविता, संवाद, गीत-संगीत और नृत्य आदि की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संयोजन रियाद में रहने वाली एक निपुण संस्कृत विद्वान सुमना नाइक ने किया। मिशन ने अन्य विद्वानों और शास्त्रीय भाषाओं के मूल वक्ताओं का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस अनूठे कार्यक्रम में सहयोग किया और विभिन्न भाषाओं के बीच कई समानताओं पर प्रकाश डाला। दूतावास ने भारतीय स्कूल के एक शिक्षक की भी सराहना की, जिन्होंने पाली और प्राकृत में कविता पाठ किया। प्रवासी भारतीयों के बीच इस अनूठे कार्यक्रम की काफी सराहना हुई, जिसमें दिखाया गया कि 'शास्त्रीय' भाषाएं हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की संरक्षक के रूप में काम करती हैं। पिछले साल, दूतावास ने प्रवासी परिचय के पहले संस्करण के हिस्से के रूप में शास्त्रीय भाषा 'संस्कृत' में एक कार्यक्रम आयोजित किया था। इस कार्यक्रम का उल्लेख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवंबर 2023 के अपने कार्यक्रम 'मन की बात' में किया था। इसके अलावा, दूतावास हर सर्दियों में 'एम्बेसडर्स चॉइस' नामक एक वार्षिक फिल्म महोत्सव का आयोजन करता है।

## नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन




जौनपुर(उत्तरशक्ति)। बड़ागांव शाहगंज अल मेहंदी मानव सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में बड़ागांव न्याय पंचायत के अब्दुल गौस मैदान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. एन बी चन्द्रा द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच की गई, मशीनों द्वारा निःशुल्क आंख के चश्मे की जांच की गई तथा जरूरी दवाए भी निःशुल्क वितरित की गई एव मोतियाबिन्द के ऑपरेशन हेतु मशविरा मरीजों को दिया गया तथा उक्त शिविर में गरीब कल्याण हॉस्पिटल तथा उनके पूरे स्टाफ की बड़ी भूमिका रही है। उक्त निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के कुशल संचालन कर रहे हुसैन हैदर खान ने कहा कि अल मेहंदी मानव ट्रस्ट सदैव समाज के वंचित और जरूरतमंद तबके को बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय सुविधाओं सहित अन्य आवश्यकतानुसार सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराता रहेगा, तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष इफ्तिखार हुसेन ने इस शिविर में लगभग 500 लोगों के लाभान्वित होने की संभावना व्यक्त करते हुए कहा की ट्रस्ट पूरी तरह से लोक कल्याणार्थ समाज को समर्पित है। वहीं ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष मेराज हाशमी द्वारा कहा गया कि जन कल्याण के लिए कभी बजट की कमी नहीं होने दिया जाएगा। ट्रस्ट के संरक्षक के तौर पर मौलाना एजाज मोहसिन तथा खुर्शीद हसन ने संयुक्त रूप से प्रत्येक जरूरतमंद के जीवन में खुशियां लाने हेतु अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की, वहीं निजाम और शाहिद ने बताया कि लोक कल्याण की इस परंपरा को बहुत ऊंचाई तक ले जाएंगे तथा अंत में शिविर समापन पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य विवेक यादव ने चिकित्सको की पूरी टीम तथा ट्रस्ट के सहयोगी गरीब कल्याण हॉस्पिटल एवं अल मेहंदी मानव सेवा ट्रस्ट के सभी सदस्यों को आभार प्रकट करते हुए कहा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में ट्रस्ट आम आदमी की आखिरी उम्मीद बन कर काम कर रहा है उक्त शिविर के संचालन पर बड़ागांव के इमाम ए जुमा वो जमात सय्यैद अज्मी अब्बास साहब तथा मौलाना आरजू आब्दी साहब, सय्यैद गुलाम अब्बास रिजवी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## पुलिस ने 8 जुआरियों को 75540 रुपए एवं ताश के 52 पत्तों के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में शहर कोतवाल मिथिलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व पुलिस जवानों की टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर दुर्गा माता मंदिर के पास रसूलाबाद मोहल्ला से रविवार दोपहर पैसो की बाजी लगाकर ताश के 52 पत्तों के साथ जुआ खेल रहे जुआरियों में अभिषेक कुमार गुप्ता पुत्र कैलाश नाथ गुप्ता निवासी ईशापुर, सचिन अग्रहरि पुत्र दयाराम अग्रहरि नि० अहियापुर, अश्वनी साहू पुत्र संतोष कुमार साहू नि० रसूलाबाद, महेश साहू पुत्र दिनेश चन्द्र साहू नि० सुतहटट्टी, 5-चिराग साहू पुत्र जय प्रकाश साहू नि० शकरमण्डी, संतलाल गुप्मा पुत्र स्तयानारायण गुप्ता नि० उपरोक्त, तुफैल अहमद पुत्र स्व० अबरार नि० ख्वाजगी टोला रविन्द्र साहू पुत्र प्रमेचन्द्र साहू नि० ईशापुर को ताश की गड् ?डी व माल फड 17000 व जामातलाशी 48540 रूपया, फड से 17000 रूपया जामा तलाशी - 48540 रूपया मोबाइल-8 अदद बुरामद कर सुसंगत धारा में सभी को निरुद्ध करने के बाद चालान कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस टीम में उप नि० प्रदीप कुमार सिंह चौकी प्रभारी पुरानी बाजार, कंचन पाण्डेय पाण्डेय चौकी प्रभारी शंकरमण्डी, हे0का0 अमित कुमार सिंह, हे0का0 सत्य प्रकाश सिंह, हे0का0 परमात्मा सिंह, हे0का0 राजेश कुमार, हे0का0 पंकज पूरी, हे0क0 शमीम अख्तर रहे।

## चित्रगुप्त पूजा महोत्सव का आयोजन आज

औरंगाबाद। औरंगाबाद शहर के कर्मा रोड स्थित चित्रगुप्त सभागार सह लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन में रविवार को श्री श्री चित्रगुप्त पूजा महोत्सव 2024 धूमधाम से मनाया जाएगा। इस महोत्सव की तैयारी पूरे जोर-शोर से की जा रही है और इसमें जिले भर से कायस्थ परिवार समेत समाज के अन्य वर्गों के लोग शामिल होंगे। इस महोत्सव का आयोजन ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस औरंगाबाद के द्वारा किया जा रहा है।

## एनारॉक का चालू वित्त वर्ष में राजस्व 40 प्रतिशत बढ़कर 800 करोड़ रुपये पर पहुंचने की उम्मीद : पुरी

नयी दिल्ली । रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ग्रुप का चालू वित्त वर्ष में अपने राजस्व को 40 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी के साथ 800 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य है। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने रविवार को यह बात कही। पुरी ने कहा कि ऊंची आर्थिक वृद्धि के चलते घरों की मजबूत मांग से कंपनी का राजस्व बढ़ेगा। मुंबई की कंपनी एनारॉक ने पिछले वित्त वर्ष में राजस्व में 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी और यह 566 करोड़ रुपये रहा था। एनारॉक की स्थापना अनुज पुरी ने अप्रैल, 2017 में की थी। इससे पहले पुरी एक अंतरराष्ट्रीय संपत्ति सलाहकार कंपनी में 10 साल तक कंट्री प्रमुख की भूमिका निभा चुके थे। पुरी ने पीटीआई-के साथ साक्षात्कार में कहा कि कंपनी को चालू वित्त वर्ष में 800 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करने की उम्मीद है। पुरी ने कहा कि कुल राजस्व में से लगभग 575 करोड़ रुपये आवास ब्रोकरेज सेवाओं से आएगा। उन्होंने कहा कि शेष राजस्व भूमि सौदों, पूंजी बाजार लेनदेन, रणनीतिक परामर्श और परियोजना प्रबंधन के अलावा कार्यालय, डेटा केंद्र और भंडार गृह जैसे खंड में पट्टा गतिविधियों से हासिल होगा। वृद्धि के कारणों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के बाद कुल भारतीय अर्थव्यवस्था और आवास की मांग में मजबूती से सुधार हुआ है, जिससे रियल एस्टेट डेवलपर और सलाहकारों को समान रूप से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा, हमने भारतीय रियल एस्टेट बाजार में बाधाओं की पहचान करने और सही समाधान लाने पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा, ह्यह्यलगातार बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ रियल एस्टेट बाजार परिपक्व वृद्धि का प्रदर्शन कर रहा है और हम इस वृद्धि से काफी लाभान्वित हो रहे हैं। पुरी ने कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने के साथ भारत में आवास ब्रोकरेज कारोबार संगठित और पेशेवर बन रहा है। एनारॉक समूह के फिलहाल भारत और पश्चिम एशिया के पहली और दूसरी श्रेणी के बाजारों में 2,200 से अधिक कर्मचारी हैं।

## जौनपुर नगर पालिका परिषद के कामो खुद कर रहे कोठियावीर वार्ड नम्बर 35 के युवा समाजसेवी

इम्तियाज अहमद

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर पालिका परिषद जौनपुर के क्षेत्र में वार्ड नंबर 35 कोठियावीर से पुरानी बाजार जाने वाले रास्ते पर काफी दिनों से नाली का पुलिया टूटे होने के कारण आए। दिन कोई ना कोई दो पहिया वाहन चालक अपनी बाइक लेकर नाली में गिर जाया करता था। राहगीरो को जाने जाने में होती थी काफी दिक्कत ।कई बार इस संबंध में सभासद को अवगत कराया गया। मगर किसी तरह का कोई जवाब नहीं मिला जिसके कारण कोठियावीर के मोहल्ले वासियों ने आपस में मशवरा किया। कि हम लोग अपने निजी पैसे से नाली का पाइप लगा कर ढलाई कर देते हैं। कोठियावीर के एक बड़े बाबू ने इससे पहले भी चार बार इस नाली पर कार्य था। और किसी किस्म का किसी से कोई योगदान नहीं लिया था। आज पुना उन्होंने नाली में पाइप को लगा कर बनवाया है । और किसी तरह का कोई योगदान किसी से नहीं लिया। जब उत्तरशक्ति हिंदी दैनिक जिला संवाददाता का उसे रास्ते से गुर्जर हो रहा था।तो रास्ता बंद था दोनों तरफ बास बल्ली को लगाया गया था।तब उत्तरशक्ति के जिला संवाददाता ने पूछा की क्या कारण है। बास बल्ली लगी हुई है। तब कुछ मोहल्ले के युवा समाजसेवी सामने आए उनका कहना था। की कई बार इस संबंध में सभासद को अवगत कराया गया मगर आज तक नहीं बनी इस लिए मोहल्ले के ही बाबू भाई ने अपने ही खर्च पर नाली को ठीक कराया है । उत्तरशक्ति के जिला संवाददाता ने दूर भाषा पर वार्ड नंबर 35 के सभासद अशफाक अहमद मंसूरी से वार्ता किया तो उनका कहना था इसकी जानकारी मुझे है।मगर बजट न होने के कारण बन नहीं पा रहा है। अब बजट कब आएगा कब नहीं आएगा कब बनेगा कब नहीं बनेगा इसके बारे में मुझे पूरी जानकारी नहीं है।मैं लिखित में नगर पालिका को दिया हू ।अब सवाल यह उठता है कि नगर पालिका का हाउस टैक्स लेता है ।और आने वाले कुछ समय में सीवर का भी टैक्स जमा करना होगा। सवाल या उठता है की इस सब समस्या की ज़िम्मेदारी कौन लेगा।




